रोहतक
शुक्रवार 2 जनवरी 2026
पौष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 334
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 18.0
न्यून. 5.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,188.60 | 32.00 ▼ |
| निफ्टी | 26,146.55 | 16.95 ▼ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,38,340/- | 640/- ▲ |
| चांदी | 2,37,400/- | 1600/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 89.98 | 10 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 60.85 बैरल | | 0.78% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## नए साल पर नायब सरकार का प्रदेशवासियों को ट्रिपल गिफ्ट

# मेधावी बच्चे मां को बनाएंगे लाडो लक्ष्मी

# 5500 कांस्टेबल किए जाएंगे भर्ती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

नए साल के पहले दिन सरकार ने प्रदेशवासियों को तिहरा तोहफा दिया। हरियाणा कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार किया गया। वहीं, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने प्रदेश की सबसे बड़ी पुलिस सिपाही भर्ती निकाली। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) ने 5500 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया है कि लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ अब उन महिलाओं को भी मिलेगा, जिन परिवारों की सालाना आय 1 लाख 80 हजार से कम है, जिनके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं और उन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा में 80% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट में 6 एजेंडे रखे गए थे, जिनमें सभी को मंजूरी दे दी गई। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग में 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर रखे गए ड्राइवरों को भी राहत दी गई है।

*(पेज 2 भी देखें)*

*कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले, 6 एजेंडे रखे गए*

*एएसआई संदीप लाठर की पत्नी संतोष को भी सरकारी नौकरी*

*मुख्यमंत्री बोले, महिलाओं को सशक्त बनाने को सरकार प्रतिबद्ध*

*बच्चों में कुपोषण और एनिमिया रोकने के लिए पहल शुरू की*

*2002 में कान्ट्रैक्ट पर लगाए चालकों को राहत*



*लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार : 1.80 लाख आय वाले परिवार की महिलाओं के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 10वीं और 12वीं के बच्चे 80% से अधिक अंक लाते हैं तो मां को 2100 रुपये मिलेंगे। अभी तक एक लाख आय वालों को मिलता है लाभ।*

### 1 लाडो लक्ष्मी योजना

### एनीमिया से बाहर आए बच्चों की मां को भी योजना का लाभ

**कक्षा एक से चार तक ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी लाने पर भी मिलेगा लाभ**

मुख्यमंत्री ने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार किया गया है। वर्तमान में जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है, उन परिवारों की महिलाओं को 2100 का लाभ दिया जा रहा है। अब संशोधन के तहत जिन परिवारों की सालाना आय 1 लाख 80 हजार तक है और उनके बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं और वे 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर आते हैं, तो उनकी माताओं को भी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा जो बच्चे कक्षा एक से चार तक ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी प्राप्त करते हैं, ऐसी माताओं को भी योजना का लाभ मिलेगा। पोषण ट्रैकर में कोई बच्चा जो कुपोषित या एनीमिया ग्रस्त था, वह पोषित और स्वस्थ होकर ग्रीन जोन में आ जाता है, तो ऐसी माताओं को भी 2100 का लाभ मिलेगा।

### 2 सबसे बड़ी पुलिस भर्ती

### बढ़ेगी सुरक्षा : प्रदेश को मिलेंगे 4500 पुरुष और 600 महिला कांस्टेबल

**■ 11 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे**

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने 5500 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। जिसे अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती माना जा रहा है। इससे पहले 5061 पदों पर सबसे बड़ी भर्ती हुई थी। एचएसएससी द्वारा जारी विज्ञापन में 5500 पदों में 4500 पुरुष कॉन्स्टेबल और 600 महिला कॉन्स्टेबल भर्ती किए जाएंगे। वहीं इनके साथ जीआरपी के लिए 400 मेल कॉन्स्टेबल के पद रिजर्व रखे गए हैं। आवेदन करने के लिए कोई फीस नहीं होगी। अभ्यर्थी 11 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 25 जनवरी 2026 रात 11:59 तक वे अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

### 3 2002 में नियुक्त 347 कॉन्ट्रैक्ट ड्राइवरों को ओपीएस व अन्य लाभ प्रदान

मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त 347 ड्राइवरों को क्वालीफाइंग सर्विस और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के लाभ देने का फैसला किया है। इन ड्राइवरों को वर्ष 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया था और बाद में वर्ष 2006 में हरियाणा परिवहन विभाग (ग्रुप-सी) हरियाणा रोडवेज सेवा नियम, 1995 (समय-समय पर संशोधित), के तहत रेगुलर किया गया था। हालांकि, जनवरी 2014 में सरकार और कर्मचारी यूनियनों के बीच हुए आपसी समझौते में केवल 1 जनवरी, 2003 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों को ही शामिल किया गया था, इसलिए वर्ष 2002 में नियुक्त ड्राइवरों को यह लाभ नहीं मिल पाए थे, जिससे जूनियर ड्राइवरों को अपने सीनियर्स की तुलना में ज़्यादा सैलरी और पेंशन लाभ मिल रहे थे।

# दशकों की सेवा के बाद भी कर्मियों को अस्थायी रखना असंवैधानिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने दैनिक वेतन, कैजुअल और अनुबंध कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर अहम निर्णय सुनाते हुए कहा कि राज्य वर्षों तक निरंतर सेवा लेने के बाद कर्मचारियों को अस्थायी बनाए रखकर अपने संवैधानिक दायित्वों से नहीं बच सकता। जस्टिस संदीप मोदगिल ने 40 से अधिक याचिकाओं के समूह का एक साथ निपटारा करते हुए कहा कि इस तरह की नीति मनमानी होने के साथ-साथ संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत समानता के अधिकार का खुला उल्लंघन है। याचिकाकर्ता राज्य के विभागों में वाटर पंप आपरेटर, पंप आपरेटर व अन्य के पदों पर कार्यरत है। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य दैनिक वेतन या अनुबंध जैसे शब्दों के पीछे छिपाकर अनिश्चितता में नहीं डाल सकता।

### हाईकोर्ट का फैसला



**हाईकोर्ट ने की याचिका स्वीकार 6 फीसदी वार्षिक ब्याज समेत सभी लाभ देने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया**

### राज्य संविधान का ट्रस्टी

अदालत ने स्पष्ट किया कि राज्य संविधान का ट्रस्टी है और उस पर यह जिम्मेदारी है कि वह अपने कर्मचारियों के साथ निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायपूर्ण व्यवहार करे। कर्मचारियों की सेवाएं हरियाणा सरकार की नियमितीकरण नीतियों 1993, 1996, 2003 और 2011 के तहत नियमित की जाएं। जिन याची कर्मचारियों ने 31 दिसंबर 2025 तक दस वर्ष से अधिक सेवा पूरी कर ली है, उन्हें भी नियमितीकरण का लाभ दिया जाए। अदालत ने वेतन निर्धारण, एरियर और 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित सभी परिणामी लाभ देने और यह पूरी प्रक्रिया आठ सप्ताह के भीतर पूरी करने के निर्देश भी जारी किए।

## रात को जश्न मनाकर सोए, सुबह उठे ही नहीं

# रोहतक में अंगीठी जलाकर सोए तीन लोगों की दम घुटने से मौत

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** कमरे के अंदर अंगीठी जलाकर सोए 3 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। मृतकों की पहचान कमल, राज व संतोष के रूप में हुई, जिनकी उम्र 20 से 22 साल के करीब है। तीनों नेपाल के रहने वाले है जो कच्चा चमारिया रोड पटाखा फैक्ट्री के पास नरेंद्र पुत्र कर्मवीर वासी सेक्टर 34 के फौजी फार्म हाउस पर खाना बनाने का काम करते थे। तीनों की मौत होने के बाद आसपास हड़कंप मच गया।



### देर रात तक चला जश्न

फौजी फार्म हाउस पर नए साल का जश्न देर रात तक चला। नरेंद्र दोस्तों के साथ पार्टी खत्म करने के बाद घर चला गया। नरेंद्र के दोस्त भी अपने-अपने घर चले गए। उसके बाद तीनों नेपाली युवक ही फार्म पर थे।

### एक मृतक का था जन्मदिन

नेपाली युवकों में से एक युवक का जन्मदिन था, जिसके कारण नए साल की पार्टी खत्म होने के बाद तीनों ने बाद में अपनी अलग पार्टी की। सभी रात को खाना खाने के बाद कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए और तीनों की ही दम घुटने के कारण मौत हो गई। डीएसपी गुलाब सिंह ने बताया कि उन्हें तीन लोगों के मरने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। वहीं मौके पर एफएसएल एक्सपर्ट टीम भी पहुंची। पुलिस ने शवों को डेड हाउस भेज दिया, जिनका पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

# नए डीजीपी ने संभाला कार्यभार, बोले-कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता



**पहले ही दिन एक्शन में दिखे**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया। पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर उन्हें सशस्त्र पुलिस दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। उन्होंने निवर्तमान डीजीपी ओपी सिंह से कार्यभार ग्रहण करवाया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। हरियाणा पुलिस एक संगठित टीम की तरह कार्य करेगी और प्रोफेशनलिज्म, जवाबदेही व संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा सुनिश्चित करेगी।

### अपराधियों को सख्त चेतावनी

फिरौती मांगने वाले अपराधियों को कड़ा संदेश देते हुए डीजीपी सिंघल ने कहा कि ऐसे अपराधों से सख्ती से निपटा जाएगा। हर धमकी भरी कॉल को गंभीरता से लिया जाएगा और कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विदेश में बैठकर भय और आतंक फैलाने वाले अपराधियों के विरुद्ध भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

## स्विट्जरलैंड के रिसॉर्ट में विस्फोट 40 लोगों की मौत

**■ आतिशबाजी की वजह से ब्लास्ट की आशंका, 100 से अधिक घायल, मरने वालों में कई विदेशी**

**बर्न।** स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना शहर के 'अल्पाइन स्की रिसॉर्ट' में गुरुवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। विस्फोट में 40 लोग मारे गए हैं, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं। आतिशबाजी की वजह से ब्लास्ट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट रिसॉर्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1:30 बजे हुआ। फिलहाल क्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई की हालत गंभीर है। *(पेज 8 भी देखें)*

## बांग्लादेश में हिंदू पर फिर हमला, पेट्रोल डालकर लगाई आग

**■ तालाब में कूदकर बचाई जान गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बाजार बंद कर घर लौट रहे एक कारोबारी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है। कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह परेश चंद्र दास के बेटे हैं। वह कनेश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। रात करीब 9:30 बजे यह वारदात हुई। *(पेज 8 भी देखें)*







| कुल प्राप्य प्रीमियम | विलंब शुल्क में % रियायत | अधिकतम रियायत उपलब्ध** |
|---|---|---|
| ₹ 1,00,000 तक | 30% | ₹ 3,000 |
| ₹ 1,00,001 से ₹ 3,00,000 तक | 30% | ₹ 4,000 |
| ₹ 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹ 5,000 |

खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष की बधाई

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने नए साल 2026 की पूर्व संध्या पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि नया साल हर नागरिक के लिए शांति, समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और खुशियां लेकर आएगा।
प्रो. घोष ने कहा कि नया साल नए संकल्प, सकारात्मक सोच और एक प्रगतिशील और समावेशी समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों का समय है।

### अरावली में ग्रीन वॉल परियोजना पर काम होगा

**चंडीगढ़।** वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सरकार अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण के प्रति पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार हरियाणा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है, जिसके अंतर्गत मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे जैसी गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस परियोजना को वर्ष 2030 तक क्रियान्वित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है।

### मित्तल को जेल विभाग का अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल के पदभार संभालते ही प्रदेश पुलिस में अहम बदलाव हुए है। गुरुवार को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आलोक मित्तल को जेल विभाग के डीजी का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया। अरशिंदर सिंह चावला एंटी करप्शन ब्यूरो डायरेक्टर जनरल होंगे। वरिष्ठ आईपीएस कला रामचंद्रन को पुलिस अकादमी मधुबन का डायरेक्टर नियुक्त किया गया। वहीं सीएस राव को पुलिस मानवाधिकार आयोग के डीजी का अतिरिक्त कार्यभार दिया।

### वैकल्पिक फसलों के लिए लक्ष्य निर्धारित

**पंचकूला।** सरकार द्वारा मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान की फसल को वैकल्पिक फसलों जैसे कपास, मक्का, अरहर, मुंग, मोठ, उड़द, सोयाबीन, ग्वार, तिल, अरण्डी, मुंगफली, फल व सब्जियां, खरीफ प्याज, खरीफ चारा व कृषि वानिकी (सफेदा व पोप्लर) द्वारा विविधिकरण करने के लिए जिला में 1500 एकड़ का लक्ष्य दिया गया है।प्रवक्ता ने बताया कि किसान अपने पिछले वर्ष बोये गए धान के क्षेत्र को उपरलिखित वैकल्पिक फसलों में बदल सकता है।

### फरीदाबाद में 'हॉस्पिटल ऑन व्हील्स' को हरी झंडी

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने नव वर्ष के आगमन पर वीरवार को फरीदाबाद में सेक्टर-28 स्थित अपने कार्यालय परिसर से हॉस्पिटल ऑन व्हील्स दो अत्याधुनिक चिकित्सा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल ऑन व्हील्स के माध्यम से उन क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जहां अस्पतालों की पहुंच सीमित है। इन बसों में प्राथमिक उपचार, जांच सुविधाएं तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे, जिससे आम नागरिकों को घर के नजदीक स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। यह प्रदेश का पहला हॉस्पिटल ऑन व्हील्स है, जो पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

## 2026 में सरकार के तीन मूलमंत्र : महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार व प्राकृतिक खेती को बढ़ाना

# एआई व रोबोटिक में निपुण बनेंगे युवा, गुरुग्राम और पंचकूला में एआई मिशन केंद्र स्थापित होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना में अब तक 8 लाख महिलाओं को दो किश्तों में 250 करोड़ रुपये दिए
- युवाओं को रोजगार के लिए ड्विन रोड मैप तैयार



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार प्रदेश को विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की ओर अग्रसर है। नव वर्ष में इस अभियान को नई गति देने का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार अंत्योदय उत्थान के साथ साथ इस नए वर्ष में अंत्योदय के तीन मूल लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने वीरवार को चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का पहला लक्ष्य महिला सशक्तिकरण करने का है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से सभी पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। इस योजना के तहत अब तक 8 लाख महिलाओं को दो किस्तों में 250 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। युवाओं को गुरुग्राम और पंचकूला में हरियाणा एआई मिशन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

### युवा बनेंगे निपुण

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का दूसरा लक्ष्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान करना है। सरकार ने 2026 के लिए ड्विन रोड मैप तैयार किया है। इसके तहत गुरुग्राम और पंचकूला में हरियाणा एआई मिशन केंद्र स्थापित किए जाएंगे और इन केंद्रो में युवा भविष्य की तकनीक जैसे एआई, कुशल रोबोटिक में निपुण बन सकेंगे। सरकार इस पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज ही पुलिस विभाग के 5500 कांस्टेबल की भर्ती का विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है।*

### एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रकृति के अनुकूल खेती करने का तीसरा लक्ष्य रखा है। इसके तहत धान के स्थान पर अन्य फसलें उगाने पर किसानों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। योजना के तहत एक लाख एकड़ भूमि को प्राकृतिक खेती के तहत लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर को जल्द पूरा करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी वर्ष में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर को तेजी से पूर्ण करवाना भी सरकार का लक्ष्य है। यह प्रोजेक्ट बेहतर कनेक्टिविटी के नए आयाम स्थापित करेगा, जिससे दिल्ली के चारों और एनसीआर क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे ही कई नई परियोजनाओं को नए वर्ष में गति देने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास और बुनियादी सुविधाओं में सुधार भी किए गए है।

### मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सुशासन सहयोगियों को दिए मंत्र

- मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों को स्टेशन आवंटित किए

*पंचकूला। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार सेवा भाव के साथ सुशासन के माध्यम से आमजन के जीवन को सुगम बनाने और योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पंहुचाने का कार्य कर रही है। उनका विजन हरियाणा को सुशासन के क्षेत्र में देश का उदहारण बनाना है और इस दिशा में सुशासन सहयोगी एक बड़ी जिम्मेदारी निभाने जा रहे है।*
*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वर्ण जयंती हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ फिस्कल मैनेजमेंट सेक्टर-3 में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी 2.0 के अंतर्गत नवनियुक्त सुशासन सहयोगियों की आयोजित पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों को स्टेशन आवंटित किए। सभी सुशासन सहयोगी कल 2 जनवरी से अपने-अपने संबंधित जिलों में कार्यभार संभालेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, उप प्रधान सचिव और सीएमजीजीए कार्यक्रम के परियोजना निदेशक श्यशपाल सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश संधु और सभी जिलों के उपायुक्त भी उपस्थित रहे।*

## निमेसुलाइड बिक्री के नियम बदले

# डोजेज फार्म में 100 मिलीग्राम से अधिक नहीं मिलेगी : राव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश में मानव उपयोग के लिए इमीडिएट रिलीज डोजेज फार्म में 100 मिलीग्राम से ज्यादा निमूसलाइड वाली सभी



ओरल फॉर्मुलेशन के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी गई है। सरकार के इस कदम का मुख्य उद्देश्य लोगों को संभावित दुष्प्रभावों से बचाना और यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में केवल सुरक्षित और प्रमाणित दवाओं का ही उपयोग हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य के मामलों में सरकार किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से लोगों के हित और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि दवाओं का उद्देश्य रोगियों को राहत देना है, न कि उनके स्वास्थ्य को खतरे में डालना।

### शहीद सूबेदार बनवारी सिंह के नाम से जाना जाएगा बौंद कलां कॉलेज

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने जिला चरखी दादरी के राजकीय महाविद्यालय बौंद कलां का नाम परिवर्तित कर अमर शहीद सूबेदार बनवारी सिंह राजकीय महाविद्यालय बौंद कलां करने को औपचारिक मंजूरी प्रदान कर दी है। यह निर्णय उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की स्वीकृति के बाद लिया गया है।शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि शहीद सूबेदार बनवारी सिंह 14 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान युद्ध (ऑपरेशन कैक्टस लीली) के दौरान राजपूत रेजिमेंट में रहते हुए शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि यह बदलाव न केवल शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध करेगा, बल्कि विद्यार्थियों को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर भी प्रदान करेगा।

## पदभार संभालते ही डीजीपी सिंघल बोले

# लोगों की सुविधा के लिए मेय आई हेल्प यू योजना शुरू की जाएगी

**चंडीगढ़।** प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने औपचारिक रूप से अपने पद का कार्यभार संभाल लिया। पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर उन्हें सशस्त्र पुलिस दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। उन्होंने निवर्तमान डीजीपी ओपी सिंह से कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम, सजग और प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में सभी चुनौतियों से निपटने के लिए योजनाबद्ध, चरणबद्ध और लक्ष्य-आधारित रणनीति अपनाई जाएगी, ताकि कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। डीजीपी ने घोषणा की कि हरियाणा पुलिस शीघ्र ही मेय आई हेल्प यू नामक विशेष जन-सहायता योजना शुरू करेगी। यह योजना विशेष रूप से यात्रा करने वाले नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के उद्देश्य से लागू की जाएगी।



### भावुक क्षण : 85 वर्षीय पिता को कुर्सी पर बैठाया

नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने पदभार ग्रहण करने से पूर्व भारतीय संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों की भावुक और प्रेरणादायक झलक प्रस्तुत की। उन्होंने अपने 85 वर्षीय पिता ओमप्रकाश सिंघल को सम्मानपूर्वक कुर्सी पर बैठाया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

## नववर्ष पर आईएएस अफसरों को तोहफा

# श्यामल मिश्रा को मुख्य सचिव ग्रेड मिला चार अन्य अधिकारी भी किए पदोन्नत

**चंडीगढ़।** सरकार ने 1996 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्यामल मिश्रा को मुख्य सचिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स के लेवल-17) में पदोन्नत किया है। पदोन्नति उपरांत मिश्रा अपने वर्तमान पदभार एवं दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। इसके अलावा, 2001 बैच के चार आईएएस अधिकारियों को हायर एडमिनिस्टेटिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स के लेवल-15) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वालों में विजय सिंह दहिया और अमनीत पी. कुमार शामिल हैं। केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण विकास गुप्ता और पंकज यादव को परफॉर्मा प्रमोशन दी गई है। इसके प्रकार, 2010 बैच के पांच आईएएस अधिकारियों को सुपर टाइम स्केल (पे मैट्रिक्स लेवल-14) में पदोन्नत किया है। पदोन्नति पाने वालों में प्रभजोत सिंह, राजनारायण कौशिक, जितेन्द्र कुमार और हेमा शर्मा शामिल हैं। केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर होने के चलते डॉ. गरिमा मित्तल को परफॉर्मा प्रमोशन दी गई है।

### 2013 के ये अधिकारी

2013 बैच के आठ आईएएस अधिकारियों को सिलेक्शन ग्रेड (पे मैट्रिक्स लेवल-13) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वालों में पार्थ गुप्ता, अजय कुमार, प्रदीप दहिया, संगीता तेतरवाल, मनदीप कौर, प्रतिमा चौधरी और वीरेन्द्र कुमार दहिया शामिल हैं। केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर होने के चलते निशांत कुमार यादव को परफॉर्मा प्रमोशन दी गई है।
2017 बैच के नौ आईएएस अधिकारियों को जूनियर एडमिनिस्टेटिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स लेवल-12) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वालों में विश्राम कुमार मीणा, स्वप्निल रविन्द्र पाटिल, साहिल गुप्ता, डॉ. वैशाली शर्मा, महाबीर प्रसाद, महेन्द्रपाल, सतपाल शर्मा, अमर दीप सिंह और सुशील कुमार शामिल हैं।
2022 बैच के सात आईएएस अधिकारियों को सीनियर टाइम स्केल (पे मैट्रिक्स के लेवल-11) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत किए गए अधिकारियों में अंकित कुमार चैकसे, अंजली श्रोत्रिया, श्री अर्पित सांगल, ज्योति, डॉ. राहुल, शाश्वत सांगवान तथा उत्सव आनंद शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित, मुख्य सचिव होंगे अध्यक्ष

**चंडीगढ़।** सरकार ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 'राज्य स्तरीय समिति' का गठन किया है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के



प्रशासनिक सचिव इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। इसके अलावा, मत्स्य पालन, सिंचाई, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, उद्योग, विकास एवं पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभागों के प्रशासनिक सचिव समिति के सदस्य होंगे। इसके अतिरिक्त, राज्य के सभी कृषि, बागवानी, पशु चिकित्सा और मत्स्य विश्वविद्यालयों के कुलपति भी समिति के सदस्य होंगे।

### कृषि, बागवानी व पशु चिकित्सा के विवि के वीसी समिति के सदस्य होंगे

समिति में नाबार्ड के राज्य प्रतिनिधि तथा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा, समिति के अध्यक्ष राज्य सरकार की स्वीकृति से अन्य प्रासंगिक सदस्यों को भी समिति में शामिल कर सकते हैं। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि चयनित जिलों में परियोजना मोड में संचालित सभी योजनाओं के लिए पर्याप्त एवं समयबद्ध वित्तीय संसाधन उपलब्ध हों तथा विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी तालमेल स्थापित हो।

### उत्पादों की ब्रांडिंग करेंगे

इसके साथ ही, जिला योजनाओं में आवश्यक आदानों (इनपुट्स) के साथ-साथ विपणन तथा मूल्य संवर्धन के पहलुओं को भी सम्मिलित किया जाएगा। इसके साथ ही यह अपेक्षा की गई है कि राज्य के संबंधित विभाग इन जिलों के उत्पादों के विपणन, ब्रांडिंग तथा मूल्य संवर्धन के लिए विशेष रूप से सहयोग एवं समर्थन प्रदान करें।

### सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की पांच सेवाएं राइट टू सर्विस दायरे में

**चंडीगढ़।** सरकार ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की पांच सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में शामिल करते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में एक अधिसूचना जारी की गई है।अधिसूचना के अनुसार, सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण क्षेत्र के भीतर स्थित इकाइयों के लिए सीएलयू अनुमति (सरकार की सक्षमता को छोड़कर) के लिए सम्पूर्ण दस्तावेज प्राप्त होने की तिथि से 60 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है।इसी प्रकार, सीएलयू अनुमति प्राप्त स्थलों की भवन योजनाओं की स्वीकृति के लिए 90 दिन की समय-सीमा तय की गई है। कब्जा प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए, अपराध की संलिप्तता न होने की स्थिति में 60 दिन और संलिप्तता होने की स्थिति में 90 दिन की समय-सीमा तय की गई है।इन सेवाओं के लिए जिला नगर योजनाकार या वरिष्ठ/मुख्य नगर योजनाकार को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। वहीं, मुख्य नगर योजनाकार अथवा वरिष्ठ नगर योजनाकार को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी जबकि प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी बनाया गया है।

### वरिष्ठ नागरिकों और संस्थाओं को राज्य पुरस्कार देगी सरकार

**चंडीगढ़।** सरकार बुजुर्गों को मान-सम्मान देने और समाज निर्माण में उनके अनुभव का लाभ उठाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।समाज सेवा, कला, खेल और बहादुरी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्गों को एक नई पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों जैसे शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता, शौर्य और बहादुरी, आजीवन उपलब्धि के साथ-साथ वरिष्ठ पेंटर, मूर्तिकार, संगीतकार और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, श्रेष्ठ पंचायत पुरस्कार, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार, श्रेष्ठ वृद्धाश्रम और श्रेष्ठ दैनिक देखभाल केन्द्र को भी पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में कला और खेल श्रेणियों के लिए प्रथम पुरस्कार 50000, द्वितीय पुरस्कार 30000 और तृतीय पुरस्कार 20000 रुपये निर्धारित है। इसी प्रकार, संस्थागत श्रेणियों (जैसे श्रेष्ठ पंचायत और एनजीओ) के लिए प्रथम पुरस्कार के एक लाख, द्वितीय 75,000 और तृतीय पुरस्कार 50,000 रुपये प्रदान किया जाएगा।

# मातृत्व का फैसला महिला का निजी अधिकार, गर्भपात की दी अनुमति

**चंडीगढ़।** महिलाओं की शारीरिक स्वायत्तता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण और मानवीय फैसला सुनाते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा है कि गर्भपात के लिए विवाहित महिला की अपनी इच्छा और सहमति ही सर्वोपरि है, और इसके लिए पति की अनुमति न तो आवश्यक है और न ही कानून इसकी मांग करता है।

### तलाक का केस चल रहा

हाई कोर्ट के जस्टिस सुवीर सहगल ने फतेहगढ़ साहिब, पंजाब की 21 वर्षीय महिला की याचिका को स्वीकार करते हुए, जिसने 16 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति मांगी थी पर यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि उनका विवाह 2 मई 2025 को हुआ, लेकिन विवाह के तुरंत बाद ही वैवाहिक संबंध अत्यंत तनावपूर्ण हो गए। पति के साथ संबंधों में गंभीर खटास के चलते दोनों के बीच तलाक की कार्रवाई चल रही है।

### कर्मचारियों अस्थायी बनाए रखकर शोषण नहीं कर सकते

**चंडीगढ़।** दैनिक वेतन कर्मियों के अधिकारों को लेकर एक मामले में हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य एक माडल एम्प्लायर है और वह अपने ही कर्मचारियों को वर्षों तक अस्थायी बनाए रखकर उनका शोषण नहीं कर सकता। यह टिप्पणी संदीप मोदगिल ने फुलवती व अन्य 18 याचिकाओं के समूह का निपटारा करते हुए की। कोर्ट ने एक अक्तूबर 2024 को पारित उस स्पीकिंग आर्डर को रद्द कर दिया। कोर्ट के समक्ष यह तथ्य सामने आया कि फुलवती को वर्ष 1988 में हरियाणा के वन विभाग में माली/मजदूर (ग्रुप-डी) के रूप में दैनिक वेतन पर लगाया गया था। बिना किसी औपचारिक नियुक्ति पत्र के बावजूद वह लगातार 31 वर्षों से अधिक समय तक विभाग की मस्टर रोल पर कार्य करती रहीं और उनकी सेवा कभी असंतोषजनक नहीं पाई गई। इसके बावजूद उन्हें नियमित नहीं किया गया, जबकि उनसे कनिष्ठ कर्मचारियों को यह लाभ दे दिया गया।

### इनेलो जिला कार्यकारिणी की बैठक चार को फतेहाबाद में

**चंडीगढ़।** इनेलो कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक चार को फतेहाबाद में सिरसा रोड़ स्थित सेतिया पैलेस में होगी। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सदस्य, जिला, शहरी एवं हलका अध्यक्ष, सभी प्रकोष्ठों के राज्य एवं जिला संयोजक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और प्रदेश एवं जिला प्रवक्ता शामिल होंगे। इस दौरान इनेलो राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व मंत्री संपत सिंह का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजन किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने यह जानकारी दी।

**CH. DEVI LAL COOP. SUGAR MILLS LTD., GOHANA**

**TENDER NOTICE**

**Contact Numbers: 9050001542 (SSM)**

Online tenders are invited from Manufacturers / Traders / Authorized Distributors /Experienced (Sugar) Exporters for following items.

**1. Sale of 14000 Qtl Molasses.**
**2. Sale of Bagasse 25000 Qtl**

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in/. Online (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / submitted latest by **08/01/2026 up to 09:00 A.M.** on this site. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. **Tenders will be opened on 09:00 A.M. of 08/01/2026.** Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. **The negotiations will be held on 08/01/2026 at 12-30 P.M. in BOA meeting.**

**Sd/- Managing Director**

# लाडो लक्ष्मी योजना में पैसा लेना आसान नहीं, सरकार ने लगाई कई शर्तें

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना में पैसा दिए जाने को लेकर पहले ही दिन से फूंक फूंककर कदम उठा रही है ताकि अपात्र महिलाएं इसमें प्रवेश नहीं कर सकें। कठिन शर्तों और कईं तरह की तकनीकी पेंच होने के कारण योजना का पैसा लेना आसान नहीं होगा अर्थात फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा बल्कि पूरा ब्योरा व साक्ष्य जमा करने के बाद ही लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। सरकार ने एक लाख 80 हजार तक की आय वाले परिवार की महिलाओं को इसके दायरे में लेने की घोषणा भले ही कर दी है। उसके अलावा घर में मेधावी बच्चों और उनका परिणाम भी शानदार होने की सूरत में ही यह लाभ मिलेगा।

### मंत्रिमंडल ने दी संशोधन को मंजूरी

सूबे के मुख्यमंत्री और आला अफसर चाहते हैं कि लाडो लक्ष्मी योजना में भले ही पात्र महिलाओं के आंकड़े धीरे ऊपर बढ़े लेकिन लाभ पात्र महिलाओं को हो इस तरफ ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।सरकार ने नए साल में गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना में बदलाव किए हैं। हरियाणा मंत्रीमंडल ने इसमें हुए संशोधन को हरिझंडी देने का काम किया है। योजना के अंतर्गत अब 10वीं और 12वीं कक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों की ऐसी माताओं को भी 2100 रुपये मासिक की राशि मिलेगी। इनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार तक होगी अब से पहले तक एक लाख रुपये वार्षिक तक आय वाली महिलाओं को 2100 मासिक का लाभ देने का प्रावधान है। निपुण योजना के तहत ग्रेडेशन वाली महिलाएं, बच्चों में कुपोषण या एनीमिया को रोकने वाली 1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाएं भी 2100 रुपये मासिक का लाभ प्राप्त कर सकेंगी। योजना में 2100 रुपये की जो राशि महिलाओं के खातों में जा रही है, उसमें से अब 1100 महिलाओं को मिल जाएंगे और एक हजार रुपये डिपाजिट या फिक्स डिपाजिट होगा। जिसका लाभ उन्हें ब्याज सहित देने की योजना है। लाभार्थी की असामयिक मृत्यु पर राशि नोमनी को तुरंत जारी की जाएगी। जिन नई महिलाओं को योजना के लाभ के दायरे में लाया है, उन्हें एक जनवरी 2026 से लाभान्वित किया जाएगा। योजना में नई श्रेणी से करीब सवा लाख महिलाएं शामिल होंगी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में एयरपोर्ट स्टाफ के एक्मोडेशन हेतु जीएलएफ एआर सिरसा रोड में स्थित मुख्य अधीक्षक (श्रेणी-I) हेतु 1 अदद आवास की विशेष मरम्मत (एसीडी कनेक्शन का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 30.12.2025 06.01.2026 | 16.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में लघु सचिवालय में 24 अदद ट्रांजिट फ्लैट्स का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 01.01.2026 07.01.2026 | 59.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट का प्रावधान। | 31.12.2025 07.01.2026 | 7.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज पंचकूला | बरवाला - गांव बरवाला ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में पंचायत घर का निर्माण (एमपीएलएडीएस) + 1 कार्य। | 31.12.2025 06.01.2026 | 11.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | गांव बसाना में नायक (एससी) चौपाल का निर्माण + 4 कार्य। | 31.12.2025 06.01.2026 | 52.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बे में 3 माह के सफलतापूर्वक ट्रायल संचालन के पश्चात और उसके पश्चात 5 वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान 12 माह हेतु प्रचालन एवं रखरखाव समेत एनआईटी में पूर्णतया वर्णित सड़कों और पाथवे तथा अन्य मदों समेत एमपीएस नत्तार इत्यादि में पम्पिंग मशीनरी को बदलना, एसटीपी तक रानियां मिनी बाईपास के साथ-साथ एचडीपीई लाइनर सहित 1100 मिमी आरसीसी पाइप को बदलना और पम्पिंग मशीनरी तथा लैब उपकरण समेत सीसीटीवी कैमरों, पीएलसी एससीएडीए सहित, पॉलीइलैक्ट्रोलाइट डॉजिंग सिस्टम, सेंट्रीफ्यूज फीड सम्प, बाईपास व्यवस्था के साथ-साथ मौजूदा एफ्ल्यूएंट चैनल तक ट्रीटेड एफ्ल्यूएंट के निपटान हेतु डीआई पाइप ग्रेविटी मेन, क्लोरिन कांटेक्ट टैंक, क्लोरीनेटर्स, मैकेनिकल स्लज डीवाटरिंग डिवाइस (सेंट्रीफ्यूज)/बेल्ट फिल्टर प्रेस, फाइबर डिस्क फिल्टर, एसबीआर बेसिन्स, ग्रिट चेम्बर्स, मैकेनिकल फाइन स्क्रीन एवं चैनल, मैकेनिकल कोर्स स्क्रीन, इनलेट चेम्बर, मेन पम्पिंग स्टेशन निहित एसबीआर टेक्नोलॉजी पर केलनिया रोड सिरसा कस्बा में पीक फैक्टर 2.50 सहित 10.00 एमएलडी एसटीपी के लिए 25.00 एमएलडी एमपीएस का निर्माण। | 30.12.2025 21.01.2026 | 1888 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एचवीएसी का व्यापक रखरखाव अनुबंध। | 05.01.2026 19.01.2026 | 120 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | बागवानी विभाग, सीओई पिनांगवा, नूह | वर्ष 2025-26 हेतु सीओ, पिनांगवान (नूह) में "आकार (120 फुट × 80 फुट × 12 फुट) के जल संग्रहण टैंक (ब्रिक लाइनिंग) का निर्माण" हेतु ई-निविदा। | 02.01.2026 30.01.2026 | ईएमडी 65000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/200/41663/I/88/6 दि. 01.01.26

## खबर संक्षेप



### टोहाना को जिला बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**टोहाना।** टोहाना को जिला बनाने की मांग को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन एसडीएम आकाश शर्मा के प्रतिनिधि मुकेश बजाज को दिया गया। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव सज्जन इंदा छोई ने बताया कि संगठन जल्द ही टोहाना से कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री आवास तक कैंडल मार्च निकालेगा। इसका उद्देश्य टोहाना को जिला बनाने की मांग को पूरा करवाना है। सज्जन इंदा छोई ने कहा कि फतेहाबाद के जिला बनने से पहले टोहाना में जिला बनने की पूरी योग्यता थी, लेकिन इसे जिला नहीं बनाया गया। इस अवसर पर अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव सज्जन इंदाछोई, मंडी मजदूर यूनियन के प्रधान कृष्ण, अंकित जय किसान संगठन के प्रधान, महिला विंग प्रधान मुकेश कन्नड़ी, सोनू, मनजीत, अशोक, ममता, पूजा सहित अन्य मौजूद थे।

### अंबाला रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी

**अंबाला।** अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी देर रात एक फोन कॉल के जरिए दी गई, जिससे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीमों ने स्टेशन पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। प्लेटफॉर्म, पार्किंग क्षेत्र, ट्रेनों और यात्रियों के सामान की बारीकी से तलाशी ली गई। डॉग स्कवॉयड और बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलाया गया लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, धमकी देने वाले कॉल की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीमें फोन करने वाले आरोपी की तलाश में जुटी हुई हैं। स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है।

### गांजे के मुख्य सप्लायर को किया काबू

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामदगी के मामले में मुख्य सप्लायर आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि उप-निरीक्षक सुभाष चंद्र, पुलिस चौकी बडोपल, अपनी टीम के साथ बस अड्डा भोडा होशनाक क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में काबू कर पूछताछ व तलाशी ली गई, जिसमें उसके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच के दौरान अब मुख्य सप्लायर आरोपी दीपक उर्फ दीपुनाथ पुत्र बलवंत सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बहादुरगढ़ के शिल्पकार चंद्रकांत बोंदवाल को मिलेगा इंटरनेशनल क्राफ्ट्स अवॉर्ड, 40 देशों के 1000 कलाकारों के बीच हासिल किया बड़ा मुकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हस्तकला में महारत प्राप्त बहादुरगढ़ के बोंदवाल परिवार के युवा होनहार चंद्रकांत बोंदवाल को अब इंटरनेशनल अवॉर्ड मिलने जा रहा है। इंटरनेशनल क्राफ्ट अवॉर्ड्स द्वारा 8वें एडिशन के पुरस्कारों की घोषणा की गई है। क्राफ्ट विलेज के अनुसार वर्ष 2024 के लिए भारत से चंद्रकांत बोंदवाल को वुड कार्विंग तथा ईरान की फकीरी जरापोर को इनले आर्ट के लिए सर्वश्रेष्ठ शिल्पकार चुना गया है। चंद्रकांत 21 साल पहले तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के हाथों राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं। वर्ल्ड क्राफ्ट काउंसिल की तरफ से यह इंटरनेशनल अवॉर्ड देने का सिलसिला 2017 में शुरू किया गया था। इसमें करीब 40 देशों के एक हजार शिल्पकारों ने आवेदन किया था। दुनिया में लकड़ी पर नक्काशी के लिए विख्यात बहादुरगढ़ के बोंदवाल परिवार के चंद्रकांत को यह पुरस्कार मिलना पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

> 2004 में तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के हाथों मिल चुका राष्ट्रीय सम्मान, लकड़ी पर नक्काशी करने में माहिर




### बोंदवाल परिवार की तीन पीढ़ी कला को समर्पित

तीन पीढ़ी से वुडन ज्वेलरी, वुडन कार्विंग से देवी देवताओं, पशु-पक्षियों की संजीव मूर्तियां बना रहे इस परिवार ने अपनी मुंह बोलती काष्ठ मूर्तियों से विश्वभर के लोगों से सरहाना प्राप्त की है और हरियाणा का मान-सम्मान बढ़ाया है।

### यूनेस्को ने भी किया था सम्मानित

शहर की नई बस्ती में रहने वाले चंद्रकात बोंदवाल को चंदन की लकड़ी का अंडर कार्विंग पेंडेंट बनाने के लिए 2004 में भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय सम्मान मिल चुका है। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से यह सम्मान प्राप्त करने के वाले चंद्रकांत उसी तल्लीनता से कला को समर्पित हैं। चंद्रकात को 2004 में ही यूनेस्को द्वारा एशिया में प्रथम रहने पर पुरस्कृत किया गया था। उन्हें यह पुरस्कार घास से लेकर सोने तक के आभूषण बनाने के लिए दिया गया था। सूरजकुंड हस्तशिप मेले से लेकर दुनिया के कई देशों में लगने वाली प्रदर्शनियों में चंद्रकांत बोंदवाल की कृतियां हमेशा से खासे आकर्षण का केंद्र रही हैं। युवा कलाकारों को भी बोंदवाल परिवार हमेशा मार्गदर्शन व प्रेरित करने का काम करता रहता है।

### दादा से लेकर पिता तक सब नेशनल अवॉर्डी

चंद्रकांत के पिता महावीर बोंदवाल को 1979 में तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीवा रेड्डी ने हाथी दांत पर की गई नक्काशी के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया था। उनके चाचा राजेंद्र बोंदवाल को 1984 में हाथी दांत पर की नक्काशी के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया था। 1999 में चंद्रकांत के दादा जयनारायण बोंदवाल को चंदन की लकड़ी पर नक्काशी करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया था। चंद्रकांत के भाई सूर्यकांत बोंदवाल को भी हस्तकला के लिए 2013 में नेशनल मेरिट अवॉर्ड मिला था। राजेंद्र प्रसाद को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने वर्ष 2015 के लिए शिल्पगुरु अवॉर्ड से सम्मानित किया था।

## नववर्ष पर खाटू धाम जाने को रेवाड़ी व अटेली स्टेशन पर उमड़ी भारी भीड़

# श्याम भक्तों को ट्रेन में चढ़ने के लिए नहीं मिली जगह तो दो स्टेशनों पर किया पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

**भीड़ की आशंका के बावजूद रेवाड़ी से नहीं चलाई स्पेशल ट्रेन, ट्रेनों के दरवाजे अंदर से बंद होने पर बवाल**




रेवाड़ी। ट्रेन का शीशा तोड़कर खुलवाने का प्रयास करता युवक व बेकाबू भीड़ पर काबू करने का प्रयास करते कर्मचारी।

> **दो स्टेशनों पर ट्रेनों पर पथराव**
> श्याम प्रेमियों की संख्या ज्यादा होने के कारण ट्रेनों में चढ़ने के लिए जगह नहीं मिली। इसके बाद यात्रियों ने रेवाड़ी व अटेली रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेनों पर पथराव किया। पथराव करने वालों की पहचान शुरू कर दी है।
> - विनोद कुमार जांगड़े, इंस्पेक्टर, आरपीएफ।

नए साल पर राजस्थान के खाटूश्याम जी धाम जाने वाले श्याम भक्तों की भारी भीड़ रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी। दिल्ली से आकर रींगस जाने वाली ट्रेनों में श्याम प्रेमियों को पैर टिकाने तक की जगह नहीं मिली। अंदर बैठे यात्रियों ने दरवाजे नहीं खोले तो बेकाबू युवकों ने पथराव करते हुए कुछ ट्रेनों के शीशे तक तोड़ डाले। इस तरह की घटना रेवाड़ी जंक्शन के बाद अटेली रेलवे स्टेशन पर भी हुई।

नए साल पर बाबा का दीदार करने के लिए श्याम प्रेमियों की भीड़ गत तीन दिनों से खाटूश्याम की ओर रवाना हो रही थी। हर दिन श्याम भक्तों की भीड़ बढ़ रही थी। रेल विभाग की ओर से रेवाड़ी की बजाय दिल्ली से रींगस के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया था। यह ट्रेनें दिल्ली से ही खचाखच भरकर आ रही थीं। इनमें स्लीपर कोच ज्यादा होने के कारण पहले से अंदर बैठे यात्रियों ने जंक्शन पर पहुंचने के बाद दरवाजे नहीं खोले।

काफी देर तक कई ट्रेनों में चढ़ने के लिए यात्री परेशानी का सामना करते रहे, लेकिन देर सायं श्याम भक्तों के सब्र का पैमाना छलक गया। दरवाजे नहीं खोलने पर कई युवकों ने पत्थरों से ट्रेन के शीशे तोड़ने शुरू कर दिए। इसके बावजूद अंदर से दरवाजे नहीं खोले गए। प्लेटफार्म के दूसरे छोर पर भी खाटू जाने वाले यात्रियों की भीड़ एकत्रित हो गई। यात्रियों ने जमकर बवाल करना शुरू कर दिया। इसके बाद कुछ ट्रेनों के शीशे पत्थर मारकर तोड़ दिए गए। आरपीएफ और जीआरपी के लिए स्थिति संभालना मुश्किल बन गया।

**दरवाजों में लटककर रवाना हुए लोग :** शाम के समय रिंगस की ओर जाने वाली ट्रेनों में भीड़ इस कद्र रही कि बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों के दरवाजों में लटककर रवाना होने को मजबूर हो गए। बड़ी संख्या में श्याम भक्त देर रात तक ट्रेनों में सवार होने से वंचित रह गए। स्टेशन से यात्रियों से खचाखच भरी ट्रेनें जब अटेली स्टेशन पर पहुंची तो वहां भी हालात ऐसे ही बन गए। अटेली स्टेशन पर भी गुस्साए यात्रियों ने गेट नहीं खुलने पर ट्रेनों पर पथराव किया।

### डेमू ट्रेन का संचालन न होने से भी आई दिक्कत

अक्सर रेलवे विभाग की ओर से भीड़ को देखते हुए स्थानीय रेलवे स्टेशन से रिंगस के लिए स्पेशल डेमू ट्रेन का संचालन किया जाता है। इसमें स्लीपर कोच नहीं होते, जिस कारण बड़ी संख्या में यात्री सवार हो जाते हैं। जिन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था, वह दिल्ली से रिंगस के लिए रवाना हुई थीं। इन ट्रेनों में दिल्ली और गुरुग्राम से ही भारी भीड़ सवार हो चुकी थी, जिस कारण पैर टिकाने तक की जगह नहीं थी।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाने से रह गए वंचित

स्पेशल ट्रेनों का संचालन होने के बावजूद श्याम भक्तों की भीड़ इतनी रही कि उन्हें रात को 9 बजकर 10 मिनट पर रवाना होने वाली चेतक एक्सप्रेस तक का इंतजार करना रहा। उसमें भी दिल्ली से यात्रियों की भारी भीड़ पहले ही सवार थी। स्लीपर और एसी कोच अंदर से बंद कर लिए गए थे, जबकि जनरल कोचों में सवार होने के लिए जगह ही नहीं थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को ट्रेनों में जगह नहीं मिलने के कारण निराश होकर लौटना पड़ा। काफी संख्या में श्रद्धालु ट्रेन न मिलने पर मायूस होकर निजी वाहन किराए पर करके भी रींगस के लिए रवाना हुए।

### अब आज से चलेगी स्पेशल ट्रेन

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी दो जोड़ी व जयपुर-भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09633 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल रेल सेवा 2 जनवरी, 3, 4, 10, 11, 13, 17, 18, 22, 24, 25, 28, 31 जनवरी को (13 ट्रिप) रेवाड़ी से 22:50 बजे रवाना होकर अगले दिन 01:45 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09634 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 3 जनवरी, 4, 5, 11, 12, 14, 18, 19, 23, 25, 26, 29 जनवरी व एक फरवरी को (13 ट्रिप) रींगस से 02:05 बजे रवाना होकर 05:10 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।

# एएसआई ने वीआईपी पायलट गाड़ी में कार से मारी टक्कर

- एएसआई के नशे में होने का आरोप, चार पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर एएसआई ने कार से वीआईपी के काफिले की पायलट स्कॉर्पियो गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कॉर्पियो गाड़ी का चालक घायल हो गया। आरोप है कि एएसआई नशे में था और तेज रफ्तार में अपनी वेन्यू कार को दौड़ा रहा था। उसके साथ तीन अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे। मामले में एएसआई सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। वहीं एएसआई सहित चारों पुलिस कर्मियों को सस्पेंड भी कर दिया गया है और उसकी गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। शिकायत में नाका प्रभारी रमेश ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नव वर्ष की सुरक्षा व्यवस्था के तहत उनकी आईनैक्स मॉल के पास नाका ड्यूटी लगाई गई थी। वह स्वयं नाके पर इंचार्ज के तौर पर तैनात थे। उनके साथ हेड कॉन्स्टेबल संजय, पूनम, कॉन्स्टेबल सोमबीर, सुधीर, एसपीओ अजयपाल और होमगार्ड रघुबीर भी तैनात थे। इसी बीच एएसआई बलजीत सिंह अपनी निजी सफेद रंग की वेन्यू कार लेकर नाके पर पहुंचे। उन्होंने एसपीओ अजयपाल, हेड कॉन्स्टेबल संजय कुमार और हंसराज को अपनी गाड़ी में बैठाया और कहा कि वे खाना खाकर आ रहे हैं। इसके बाद एएसआई ने तेज रफ्तार से गाड़ी चलाई और सेक्टर 4/7 चौक से अचानक यू-टर्न लेकर न्यू कॉलोनी मोड़ की ओर मुड़ गए। इसी दौरान रेलवे स्टेशन की तरफ से आ रही वीआईपी पायलट गाड़ी से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गई।

# नर्सिंग कॉलेज विवाद : उत्पीड़न मामले में चेयरमैन को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के एक निजी नर्सिंग कॉलेज में छात्रों के साथ उत्पीड़न के मामले में कॉलेज के चेयरमैन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। वहीं प्रशासन की तरफ से कॉलेज में छात्राओं की कक्षाएं लगाई गईं। कॉलेज में पूर्ण रूप से शांति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर कॉलेज के बाहर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन को उत्पीड़न और एससी एसटी एक्ट के तहत बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके बाद ही छात्रों ने धरने को समाप्त करने की घोषणा की थी। गुरुवार को कॉलेज के चेयरमैन को हांसी की कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। इस मामले में चेयरमैन की पत्नी और बेटे के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। एसडीएम विकास यादव ने बताया कि धरने के बाद सभी छात्राएं कालेज में हैं। पढ़ाई करने के लिए कक्षाओं में भी आई हैं। जो खामियां हैं उनको दूर किया जा रहा है। छात्राएं यहां से माइग्रेशन करवाना चाहती हैं उनकी मेरिट के आधार पर माइग्रेशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी।

# सेवानिवृत्त दिव्यांग एएसआई की उनकी ही फैक्ट्री में बैसाखी से पीट-पीटकर हत्या

- सिर पर गंभीर चोटों के निशान मिले, घर के पास ही खोल रखी थी मिठाई के डिब्बे बनाने की फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



राजपुर गांव में दिल्ली पुलिस से एएसआई पद से सेवानिवृत्त 60 वर्षीय दिव्यांग की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक दलबीर राजपुर गांव के ही रहने वाले थे। उनका शव उनके घर के पास प्लाट में स्थित उनकी मिठाई के डिब्बे बनाने वाली फैक्ट्री के एक कमरे में मिला। परिवार वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही डीसीपी प्रवीण पी, एसीपी ऋषिकांत और थाना बड़ी प्रभारी एसीपी गीता फोगाट मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर एफएसएल टीम को बुलाया, जिसने मौके से जरूरी नमूने एकत्र किए।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक दलबीर के शव के पास उनकी टूटी हुई बैसाखी पड़ी मिली। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि हत्या उसी बैसाखी से की गई है। सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं और अधिक खून बहने के कारण दलबीर की मौके पर ही मौत हो गई।

थाना बड़ी पुलिस ने मृतक के बेटे संदीप राठी की शिकायत पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। अभी तक जांच में आरोपियों का सुराग नहीं लग पाया है।

## फरीदाबाद गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मिले राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने फरीदाबाद गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल मानवता को शर्मसार करने वाली है, बल्कि राज्य में कानून-व्यवस्था की भयावह स्थिति को भी उजागर करती है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और कठोरतम सजा की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी जघन्य घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# श्रम विभाग में अनियमितताओं पर सीएम के आदेश पर उच्चस्तरीय जांच समिति गठित

- पूरे हरियाणा में जांच कर समिति मामले की विस्तृत रिपोर्ट एक माह में सौंपेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के श्रम विभाग में कार्य पर्चियों के सत्यापन और श्रमिकों के पंजीकरण से जुड़ी अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार इस मामले की गहन जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है, जो एक माह के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। श्रम विभाग द्वारा इस विषय पर एक फाइल प्रस्तुत की गई थी, जिसमें मुख्यमंत्री को सूचित किया गया कि विभाग ने मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है और 13 जिलों की रिपोर्ट तैयार है, लेकिन शेष नौ जिलों की रिपोर्ट लंबित हैं। इसलिए विभाग ने सूचित किया कि शेष जिलों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

सीएम ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और अगले ही दिन फाइल वापस भेज दी तथा श्रम मंत्री से सभी जिलों की पूर्ण रिपोर्ट, वित्तीय हानि के सही आंकड़ों समेत प्रस्तुत करने को कहा। यह मुद्दा निर्माण श्रमिकों और श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत उन्हें मिलने वाले लाभों से संबंधित है। आरोप लगाया गया है कि जिन कार्यों पर उन्होंने श्रम किया था, वे सही नहीं हैं, इसलिए उनका भवन निर्माण श्रमिक के रूप में दर्ज होना संदिग्ध प्रतीत होता है। आरोपों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, मुख्यमंत्री ने पंकज अग्रवाल, आईएएस की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है, जिसमें राजीव रतन, आईएएस और पंकज नैन, आईपीएस सदस्य हैं। यह समिति पूरे मामले की जांच करेगी और विभिन्न अधिकारियों तथा लोगों द्वारा की गई अनियमितताओं का पता लगाएगी।

**नववर्ष उत्सव** | राधा स्वामी आश्रम में परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने साध-संगत को फरमाया सत्संग

# एक लाख संगत को नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

- आश्रम परिसर में साध संगत ने 200 यूनिट रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब महाराज।



भिवानी। सत्संग में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते संत कंवर साहेब महाराज।

नए साल का जश्न हर साल मनाते हैं, लोग कई दिन पहले इस जश्न की तैयारी शुरू कर देते हैं, लेकिन जिसने हमें ये दिन दिया, इतना पवित्र जीवन दिया, जिसने इतना सुंदर शरीर दिया, उस परमात्मा को हम भुला बैठे हैं। जो बीत गया उसे भूल जाओ और संकल्प लो जो नाम हर विधि से पार लगाने वाला है, उस नाम को अपनाएंगे। किसी के साथ बुरा ना करो, क्योंकि बुरा करोगे तो बुरा ही पाओगे, यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने नववर्ष पर भिवानी के रोहतक रोड स्थित राधा स्वामी आश्रम में उमड़ी साध संगत को फरमाए।

इस दौरान गुरु महाराज ने करीब एक लाख संगत को नशा से दूर रहने एवं त्यागने की शपथ दिलाई। सत्संग से पूर्व आश्रम परिसर में रक्तदान शिविर में साध संगत ने 200 यूनिट रक्त का दान किया।

हुजूर कंवर साहेब ने संगत को नववर्ष की शुभकामना दी और कहा कि आने वाला वर्ष आपके लिए खुशियां लाए, आपके ख्याल ऊंचे पाक पवित्र बनें ताकि आप भक्ति में लीन रहें। इसी अरदास के साथ हम नए साल की शुरुआत करते हैं। आप भी परमात्मा से हमेशा दुआ मांगों, क्योंकि जो पुकार करता है, उसकी पुकार सुनी भी जाती है। पुकार के नियम भी हैं, ये नहीं कि जब दुःख हो तभी हम परमात्मा को गुहार लगाएं, ये गुहार स्वार्थ की गुहार है। उन्होंने कहा कि काल का खेल ही ऐसा है कि जब इंसान सुखी होता है वो गाफिल भी हो जाता है, वो अहंकार से घिरा रहता है। अहंकार आपको परमात्मा से दूर करता है।

### मनमुखी नाम कभी काम नहीं आएगा

गुरू महाराज ने फरमाया कि सत्पुरुष की शरणागत होकर चिंता छोड़ दो, अगर शरणागति के बाद भी दुनियादारी की चिंता नहीं मिटती तो समझो ये शरणागति नहीं है, केवल आपका भ्रम है। उन्होंने कहा कि मनमुखी नाम कभी काम नहीं आयेगा। मनमुखी नाम और काम बिना गुरु की मर्जी का है और जिसमे गुरु की मर्जी नहीं वो सब छलावा है, जो गुरु की मर्जी और वचन में रहते हैं, उसकी सारी उंगलियां घी में डूबी रहती हैं। यानी उसके हर काम में बरकत ही बरकत होगी। नए साल के पहले दिन ये संकल्प लेकर जाओ कि अपनी नियति ठीक रखोगे, अपने आपको गुरु की आज्ञा और मौज में रखोगे, अपनी संगति को सुधारोगे, क्योंकि संगति से तो मूर्ख से मूर्ख भी सुधर जाता है।

# ट्रक ने दो साइकिल सवार व्यक्तियों को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी अंबाला रोड पर केएफसी के पास बुधवार सायं ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव अकालगढ़ का माजरा निवासी पवन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गाबा अस्पताल यमुनानगर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। रात को वह अपने साथी के साथ बाइक पर घर जा रहे थे।

इसी दौरान उनके आगे उसका भाई सुरेश कुमार और गांव का ही जगमाल पुत्र बिशना राम अपनी-अपनी साइकिलों पर जगाधरी से काम खत्म करके घर जा रहे थे। जब सुरेश और जगमाल केएफसी से थोड़ा आगे पुलिया के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही और गलती से ट्रक चलाते हुए उनकी साइकिलों में पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक ट्रक मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस टीम ने दोनों शवों को ट्रक के टायरों के नीचे से निकाला। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर वीरवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

राष्ट्रपति ने एआई चैलेंज का किया शुभारंभ

# देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता परिवर्तन लाने का शक्तिशाली अवसर विश्व की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 'स्किल द नेशन' एआई चैलेंज का शुभारंभ किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति मुर्मू ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने भारत के भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया।राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही है, जिससे लोगों के सीखने, काम करने और आधुनिक सेवाओं तक पहुंचने के तरीके प्रभावित हो रहे हैं।

राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया समारोह



राष्ट्रपति ने अर्थव्यवस्था के लिए एआई को विकास चालक बताया

राष्ट्रपति ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का किया वर्चुअल उद्घाटन

## छात्र ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के विकास के लिए करें

उन्होंने कहा कि भारत जैसे युवा देश के लिए, एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि सकारात्मक और समावेशी परिवर्तन लाने का एक शक्तिशाली अवसर है। उभरती प्रौद्योगिकियों की ओर से आकार दिए जा रहे भविष्य के लिए छात्रों को तैयार देखकर खुशी जताते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उनसे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की सेवा करने, चुनौतियों का समाधान करने और दूसरों को सशक्त बनाने के लिए करने का आग्रह किया।

## सांसदों को भी सराहा

राष्ट्रपति मुर्मू ने एआई लर्निंग मॉड्यूल पूरा करने वाले सांसदों की भी सराहना की और कहा कि उनके प्रयास निरंतर सीखने के माध्यम से नेतृत्व को दर्शाते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एआई को एक प्रमुख विकास चालक बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह आने वाले दशक में जीडीपी, रोजगार और उत्पादकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## भारत समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण करे

उन्होंने मजबूत राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा के निर्माण में डेटा साइंस, एआई इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे कौशलों के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा सरकार संस्थानों, उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों के सहयोग से यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि भारत न केवल उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाए बल्कि जिम्मेदार और समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण भी करे।

## सामूहिक प्रतिबद्धता से ही विकसित भारत बनेगा

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप देश को ज्ञान महाशक्ति बनाने के लक्ष्य में योगदान देते हुए एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह कार्यक्रम कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से आयोजित किया गया था, जो भारत के कार्यबल को एआई-संचालित भविष्य के लिए तैयार करने के सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### राहुल की तुलना श्री राम से,भड़के निरुपम

**मुंबई।** कांग्रेस नेता नाना पटोले ने राहुल गांधी के कार्यों की तुलना भगवान राम से की, जिस पर



राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने इस तुलना को हास्यास्पद बताते हुए कांग्रेस के आचरण को 'रावण' जैसा करार दिया। संजय ने कहा कांग्रेस सदैव राम विरोधी रही है।

### कार ने 6 को कुचला 1 की मौत, कई घायल

**मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर में कंबल वितरण के दौरान एक कार ने 6लोगों को कुचल दिया। एक



व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इस पर लोगों ने चौकी में भी तोड़फोड़ की। घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के भुइली गांव के पास की है। अदलहाट शेरवा मार्ग पर कंबल वितरण का आयोजन था।

### पिता ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर आत्महत्या की

**उय्यालावाड़ा।** आंध्र प्रदेश के उय्यालावाड़ा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।



यहां एक व्यक्ति ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर दी और फिर खुद ही अपने घर में फांसी का फंदा बनाकर खुद भी आत्महत्या कर ली। यह घटना नंदयाल जिले की है। पुलिस ने गुरुवारको इस मामले के बारे में जानकारी दी।

### 2,000 के 98.4% से अधिक करेंसी जमा

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने 2000 रुपए के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया पर अहम जानकारी दी है।



आरबीआई के अनुसार प्रचलन से हटाए गए रुपए 2000 के कुल नोटों में से 98.41 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। 19 मई, 2023 को शुरू प्रक्रिया के बाद बाजार में कम नोट शेष रह गए हैं।

पीएम मोदी ने लिखा तिरुवनंतपुरम के नए मेयर राजेश को पत्र

# केरल के लिए यह खास उपहार, कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम

इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम के नवनिर्वाचित मेयर वीवी राजेश को पत्र लिखकर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने इसे केरल के लिए नए साल का विशेष उपहार बताया और इस सफलता को वर्षों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम बताया है। पत्र में पीएम मोदी ने मेयर वीवी राजेश और उपमेयर जीएस आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करने वाले भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया। पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम से अपने भावनात्मक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि यह शहर हर मलयाली के दिल में विशेष स्थान रखता है। यह श्री पद्मनाभस्वामी के आशीर्वाद से पवित्र है और राजधानी होने के साथ-साथ विचारकों, समाज सुधारकों, कलाकारों, कवियों, संगीतज्ञों और संतों की भूमि रही है। ऐसे महान शहर का भाजपा को आशीर्वाद देना विनम्र करने वाला अनुभव है।

नए साल की शुरुआत पर दी बधाई

उपमेयर आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और नवनिर्वाचित पार्षदों और कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं

### 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का विजन हर वर्ग तक पहुंचा



प्रधानमंत्री मोदी



मेयर वीवी राजेश

पीएम मोदी ने कहा कि 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का भाजपा का विजन शहर के हर वर्ग तक पहुंचा है। लोगों ने केंद्र के कामकाज और राज्यों में शहरी विकास के प्रयासों को देखा है, इसी कारण उन्होंने भाजपा को समर्थन दिया।

### केरल में एक 'नए सवेरे' का संकेत

प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह जीत सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि एक ऐसा मील का पत्थर है जिसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। केरल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों तक कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया है। राज्य की राजनीति लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के हाथों में रही है, जिनके शासन में भ्रष्टाचार और हिंसा की संस्कृति पनपी। इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ता डटे रहे, लोगों की समस्याएं उठाई।

### केरल झूठे वादों की राजनीति से अलग हो रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए अब केरल में जनता का विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली में दोस्त और केरल में प्रतिद्वंद्वी होने का उनका 'फिक्स्ड मैच' अब खत्म होने वाला है। केरल अब झूठे वादों से मुक्त होना चाहता है।

### नारायण गुरु, अय्यंकाली और पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया

प्रधानमंत्री ने श्री नारायण गुरु, महात्मा अय्यंकाली और मन्नाथु पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ सेवा, गरीबों और वंचितों की चिंता तथा महिलाओं का सशक्तीकरण जैसे मूल्य तिरुवनंतपुरम के प्रशासन की प्रेरणा बनने चाहिए। राजेश और उनकी टीम 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ातएगी।

### पत्र को अमित मालवीय ने भी एक्स पर शेयर किया

इस पत्र को भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी 'एक्स' पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश केरल और भाजपा दोनों के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा के विजन पर जनता के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है और राज्य में शहरी शासन के एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देती है।

पीएम ने दी सिंधिया को जन्मदिन की बधाई

### पूर्वोत्तर भारत में किए गए कामों को सराहा दीर्घायु की कामना की

पीएम मोदी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर भारत में लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने की दिशा में उनके प्रयासों को सराहा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, केंद्रीय मंत्री सिंधिया को जन्मदिन की बधाई। वे टेलीकॉम सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए जुटे हैं।

### सिंधिया ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद

सिंधिया ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री जी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। आपकी लीडरशिप और जनसेवा की से प्रेरित होकर मैं विकसित भारत बनाने में कमी नहीं करूंगा।

# वंदे भारत स्लीपर का इंतजार खत्म गुवाहाटी-हावड़ा होगा 'पहला रूट'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- 15 अगस्त 2027 को चलेगी पहली बुलेट ट्रेन, रेल मंत्री मजाकिया अंदाज में बोले-आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए

- वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी नए साल 2026 में बंगाल और असम को नई सौगात देने वाले हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम बंगाल को जल्द ही कोलकाता और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन की तारीख का भी ऐलान किया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण और प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है।

वैष्णव ने घोषणा की कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और हावड़ा (कोलकाता) के बीच चलाई जाएगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई है। यह ट्रेन यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर सुरक्षा और एक आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इसे भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो प्रीमियम यात्रा को और सुगम बनाएगी। वंदे भारत के साथ-साथ रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर भी बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2027 को भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। वैष्णव ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरी गंभीरता से जुटी हुई है।

### पीएम मोदी ने लिया था तैयारियों का जायजा



प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर रेल मंत्री ने बताया कि पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद गुजरात दौरे के दौरान मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। पीएम मोदी सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पहुंचे थे, जहां उन्होंने काम की बारीकी से जांच की और वहां मौजूद इंजीनियरों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कर्मचारियों से बातचीत करते हुए कहा था कि यह प्रोजेक्ट न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के गर्व का विषय है। यह हाई-स्पीड ट्रेन परियोजना भारत के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक सफर का लाभ मिलेगा।

असम में भी भाजपा का 'बिहारी दांव'

# 37 लाख महिलाओं को 8,000 रुपये की नकद सहायता मिलेगी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बिहार में सफल दांव को असम में भी खेलने का फैसला किया है।



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में ऐलान किया कि असम की 37 लाख महिलाओं को 8,000 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि ओरुनोदोई योजना के तहत राज्य में लाभ पाने वाली 37 लाख महिलाओं को बोहाग बिहू से पहले 8,000 रुपए की नकद सहायता दी जाएगी।

### योजनाओं के तहत सीएम देंगे तोहफा

इनमें जनवरी से अप्रैल के की अवधि के लिए ओरुनोदोई योजना के 5,000 रुपए भी शामिल हैं। 3,000 हजार रुपए की अतिरिक्त रकम बिहू के उपहार के तौर पर दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की आजीविका को मजबूती देना और आर्थिक सहारा प्रदान करना है।

दुबई जा रहे यात्रियों ने भी किया पाठ

# दुबई जा रहे भाजपा विधायक ने विमान में पढ़ी हनुमान चालीसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्लाइट के अंदर यात्रियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ करने का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा नेता बालमुकुंद आचार्य



खड़े होकर चालीसा का पाठ कर रहे हैं। उनके साथ लोग भी पाठ करते हैं। लोग विधायक और उनके परिवार से जुड़े सदस्य हैं। वीडियो में खड़े होकर चालीसा का पाठ करने वाले नेता राजस्थान के हवामहल सीट से भाजपा के विधायक हैं। उनका नाम बालमुकुंद आचार्य है। अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं।

### नेताओं ने दुबई के लिए भरी उड़ान

राजस्थान में भजनलाल सरकार के कई विधायक और भाजपा नेता नए साल पर एक निजी विदेश दौरे पर रवाना हुए हैं।बताया जा रहा है कि 1 जनवरी की सुबह इस डेलीगेशन ने हवाई जहाज से दुबई के लिए उड़ान भरी है। इसी फ्लाट के विजुअल्स सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## नव वर्ष में अयोध्या-काशी में उमड़ा सैलाब



**अयोध्या।** राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में नए साल की सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रशासन के अनुसार लाखों लोगों ने दर्शन किया। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में आधी रात से ही भक्तों की करीब 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। कड़ाके की ठंड में भी गजब का उत्साह दिखा।

विवादों के बीच मद्रास हाईकोर्ट के जज का अहम फैसला

# स्टेन स्वामी का मेमोरियल बन सकता है तो स्मारक स्तूप बनाने में क्या दिक्कत?

नथम कनवाई युद्ध की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में मंदिर में दीप जलाने के मुद्दे को लेकर राज्य सरकार और केंद्र में विपक्षी पार्टियों के निशाने पर आए जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने एक और अहम फैसला सुनाया है। मद्रास हाई कोर्ट में जस्टिस स्वामीनाथन ने 1755 में अंग्रेजों के खिलाफ लड़े नथम कनवाई युद्ध की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ कर दिया है। यह फैसला 18वीं सदी में गुलामी के दौर में भारतीयों के



प्रतिरोध की एक प्रेरक इतिहास को उदाहरण बनाता है। जस्टिस स्वामीनाथन का फैसला नथम के तहसीलदार द्वारा इस स्मारक को अनुमति न दिए जाने के बाद आया है। तहसीलदार द्वारा अनुमति न देने पर हाई कोर्ट में रिट दायर की थी।

### स्तूप स्थापना के लिए अनुमति की जरूरत नहीं

जस्टिस ने कहा कि राज्य में अगर स्टैन स्वामी की याद में पत्थर का स्तंभ लगाया जा सकता है, उसके लिए अनुमति कि आवश्यकता नहीं पड़ी, तो निश्चित रूप से नथन कनवाई युद्ध की स्मृति में स्तूप स्थापित करने किए भी किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने जिन स्टेन स्वामी का जिक्र किया।

केरल हाईकोर्ट में एसटीएफ ने किया इसका खुलासा

# सबरीमाला मंदिर में 7 और पैनलों से सोना गायब

इसके पहले 2 कलाकृतियों से सोने में किया गया था 'खेल'

एजेंसी ▶▶ सबरीमाला

यहां सोना चोरी घोटाले को लेकर स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसटीएफ) ने कोर्ट में बड़ा खुलासा किया है कि मंदिर की और भी कलाकृतियों से सोना गायब है। केरल हाईकोर्ट के आदेश में जांच कर रही एसआईटी ने द्वारपालक मूर्तियों और मंदिर के गर्भगृह के दरवाजों से गायब सोने के संबंध में 2 मामले दर्ज किए थे। कोल्लम की विजलेंस कोर्ट में पेश रिपोर्ट में जिसमें एसआईटी ने कथित आरोपियों की हिरासत मांगी है। एजेंसी ने कहा है कि यह घोटाला केवल दो कलाकृतियों तक सीमित नहीं है। पहले माना जा रहा था कि सिर्फ द्वारपालक की दो मूर्तियों से सोना गायब है, लेकिन अब जांच में सामने आ रहा कि 7 और पैनलों से सोना गायब है।

### केमिकल का इस्तेमाल कर सोने को किया अलग



कहा गया कि चेन्नई स्थित स्मार्ट क्रिएशन्स में केमिकल का इस्तेमाल कर सोने को अलग किया गया है और यह बेल्लारी स्थित ज्वेलर गोवर्धन रोड्डम के कब्जे में है।एसआईटी ने गिरफ्तार किए गए 10 लोगों में शामिल तीन आरोपियों स्वयंभू प्रायोजक उन्नीकृष्णन पोट्टी, गोवर्धन रोड्डम, चेन्नई स्थित स्मार्ट क्रिएशन्स के पंकज भंडारी की हिरासत मांगी है।

### इसरो से मांगी जांच में मदद

एसआईटी ने कोर्ट को यह भी बताया कि उन्होंने मंदिर में विभिन्न कलाकृतियों पर सोने की परत चढ़ाने की सही मात्रा का पता लगाने के लिए इसरो के एक केंद्र वीएसएससी-तिरुवनंतपुरम से टेक्निकल सपोर्ट मांगी है।

### सीपीआई (एम) नेताओं समेत 10 गिरफ्तार

एसआईटी ने अब तक तीन सीपीआई (एम) नेताओं समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें पूर्व विधायक ए पद्मकुमार भी शामिल हैं। पिछले हफ्ते, एसआईटी ने पूर्व मंत्री कडकम्पल्ली सुरेंद्रन से पूछताछ की, जो 2019 में देवस्वम मंदिर के मंत्री थे, जब मंदिर में कथित चोरी की घटना हुई थी। इसके पहले अक्टूबर में भी इस तरह की हेराफेरी की गई थी।

## चिंतन

# जानलेवा तंबाकू बिगाड़ रहा सेहत

तंबाकू एक ऐसा उत्पाद है जो जानलेवा तो है ही, साथ ही लोगों की आर्थिक और शारीरिक सेहत भी बिगाड़ रहा है। इसके उपयोग से लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। भारत तंबाकू उत्पादन में तीसरा सबसे बड़ा देश और विश्व स्तर पर तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में तंबाकू से होने वाली मृत्यु दर प्रतिवर्ष 13.5 लाख है, इसमें 10 लाख मौतें धूम्रपान के कारण और शेष धुआं रहित तंबाकू (एसएलटी) के सेवन के कारण होती हैं। इस हिसाब से देश में हर दिन औसतन 3,700 लोगों की जान जा रही है। वहीं, कैंसर, हृदय रोग और श्वसन रोग जैसी गंभीर बीमारियां भी लोगों को घेर रही हैं। दुनिया की बात करें तो अनुमानित 70 लाख मौतें रोजाना तंबाकू के कारण हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक तंबाकू उपयोगकर्ताओं की आयु लगभग 15 वर्ष कम हो जाती है और इनमें से लगभग आधे उपयोगकर्ता असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। गर्भावस्था में तंबाकू का उपयोग करने से बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं परिवार और समाज पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। जीएटीएस-2 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 28.6% (266.8 मिलियन) युवा वर्तमान में किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। वयस्क तंबाकू उपयोगकर्ताओं में 24.9% (232.4 मिलियन) दैनिक उपयोगकर्ता और 3.7% (34.4 मिलियन) कभी-कभार उपयोग करने वाले शामिल हैं। भारत में सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद खैनी है। इसे देश के करीब 36 फीसदी लोग प्रयोग करते हैं। बीड़ी दूसरा सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद है, इसे करीब 24 फीसदी, तीसरे नंबर पर गुटका 22 फीसदी, तंबाकू युक्त पान और उत्पाद चौथे स्थान पर हैं। इन्हें करीब 18 फीसदी लोग उपयोग करते हैं। बता दें कि फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीटीसी) तंबाकू नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है, जिसका नेतृत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कर रहा है। एफसीटीसी को लागू करने की एक प्रमुख रणनीति एमपीओडब्ल्यूईआर पैकेज है, जिसमें तंबाकू की मांग को कम करने के छह साक्ष्य-आधारित उपाय शामिल हैं। इनमें तंबाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी, लोगों को तंबाकू के धुएं से बचाना, तंबाकू छोड़ने में सहायता प्रदान करना, तंबाकू के खतरों के बारे में चेतावनी देना, तंबाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लागू करना और तंबाकू पर कर बढ़ाना शामिल है। भारत ने तंबाकू छोड़ने के क्षेत्र में सकारात्मक प्रगति की है, लेकिन अभी भी कई बड़ी बाधाएं मौजूद हैं। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) जैसे कार्यक्रमों और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी लागू करने से धूम्रपान की दर में कमी आई है, जिससे पता चलता है कि सरकार तंबाकू नियंत्रण और इस मुद्दे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने तंबाकू के उत्पादों पर सबसे अधिक 28 फीसदी जीएसटी लगाया है। हाल ही में सिगरेट पर 20 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाया है। 1 फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक की ड्यूटी ली जाएगी। इसके बावजूद सेवन करने वालों की कमी नहीं है। हालांकि देश में तंबाकू नियंत्रण एक जटिल मुद्दा है और इसके लिए सरकार, समाज, और व्यक्तियों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। हमें तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू छोड़ने में लोगों की मदद करने के लिए काम करना चाहिए।



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

# यूनुस चुनाव टालने की कोशिश में तो नहीं

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल दिखाई दे रही है। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल हो रही है या कहिए दिखाई दे रही है। कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के विरुद्ध जमकर हिंसा की जा रही है। भारत के विरोध के बावजूद मोहम्मद यूनुस हिंसा पर नियंत्रण करने के बजाय झूठे नैरेटिव गढ़कर भारत पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि ऐसा है तो इसके पीछे कौन हो सकता है? बांग्लादेश की राजनीति को बेहतर तरीके से जानने-समझने वाले तमाम लोग अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर इस बात को लेकर संदेह जता रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि चुनाव समय आने पर 12 फरवरी को ही होंगे, लेकिन बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति देख कर उनकी बात पर सहज विश्वास करना बेहद मुश्किल है।

उधर, उस्मान हादी के भाई उमर हादी ने भी आरोप लगाया है कि उनके भाई की हत्या मोहम्मद यूनुस ने करवाई है, चुनाव टालने के लिए! अब जब उस्मान हादी के भाई ने आरोप लगाया है तो मोहम्मद यूनुस पर संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस से 'सत्ता का मोह' छूट नहीं रहा है। वे सत्ता में बने रहना चाहते हैं और संभवतः इसीलिए येन-केन-प्रकारेण चुनाव टालने की जुगत में लगे हैं। यदि हिंसा व उपद्रव की पृष्ठभूमि में जाएं तो मोहम्मद यूनुस पर चुनाव टालने की कोशिशों का संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। बांग्लादेश में अस्थिरता का नया दौर विगत वर्ष जुलाई-अगस्त में शुरू हुआ था। तब सत्तासीन शेख हसीना सरकार की कथित छात्र विरोधी नीतियों के विरुद्ध छात्र आंदोलन की शुरुआत हुई थी। कहने को यह छात्र आंदोलन था लेकिन कुछ समय में यह 'जेन जी' आंदोलन में बदलकर अंततः शेख हसीना की नीतियों, विशेषकर भारत के प्रति लगाव, का विरोध करने वाले और देश में शरीयत का कानून लागू करने की मंशा रखने वाले जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के हाथों में जाता स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। कथित रूप से छात्रों के इस आंदोलन ने तब हिंसक रूप ले लिया था। सड़कों पर आंदोलनकारियों का उन्माद व हिंसा का भीषण रूप देखने को मिल रहा था। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित बड़ी संख्या में सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था और जमकर तोड़फोड़, आगजनी व हिंसा की गई थी। बड़ी संख्या में भारत समर्थक नेता, पत्रकार और हिंदुओं को इस हिंसा में अपने प्राण तक गंवाने पड़े थे। इस हिंसा व अराजकता के बीच 5 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़ना पड़ा और भारत में शरण लेनी पड़ी थी।

उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था और देश में अगले चुनाव होने तक नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। उस समय यह कहा गया था कि अनुकूल समय आने पर आम



चुनाव करा कर देश में लोकतंत्र की बहाली की जाएगी। बाद में चुनाव की यह तारीख 12 फरवरी 2026 घोषित की गई है। चुनाव की तारीख निर्धारित होने के बाद मोहम्मद यूनुस ने सत्ता में बने रहने की अपनी रणनीति पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है, ऐसा हाल के घटनाक्रमों से समझा जा सकता है। मोहम्मद युनुस शुरू से अपने भारत विरोध के लिए जाने जाते रहे हैं। भारत विरोध उन्हें जनता में लोकप्रिय और सत्ता में बने रहने का 'रामबाण' उपाय मालूम होता दिखता है और संभवतः इसीलिए अंतरिम सरकार के मुखिया बनने के बाद से अब तक वे तरह तरह से भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार में लगे रहे हैं। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत ने उनके साथ संबंध मधुर बनाने की अपने तई कई कोशिशें की हैं लेकिन उनके भारत विरोधी व्यवहार में कोई परिवर्तन होता नहीं दिखा, बल्कि उनके शासन में जमकर भारत विरोधी भावना भड़काने के षड्यंत्र व प्रयास होते रहे हैं। गत नवंबर माह में शेख हसीना को बांग्लादेश की अंतराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल द्वारा मौत की की सजा सुनाई जाने के बाद मोहम्मद यूनुस ने प्रत्यार्पण संधि का हवाला देते हुए भारत से तुरंत शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी और भारत पर कई आरोप भी मड़ दिए थे। ऐसा इसलिए कि वहां जनता को, विशेषकर छात्रों को ऐसा मालूम न हो कि वे ( मोहम्मद युनुस ) शेख हसीना व भारत के प्रति किसी प्रकार का नरम रवैया अपना रहे हैं और शेख हसीना को वापस बांग्लादेश लाने के कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और इसी के साथ बांग्लादेश जमाते इस्लामी को मान्यता प्रदान कर चुनाव में लड़ने की अनुमति दे दी गई है। इस तरह उन्होंने वहां की एक बड़ी व सर्वाधिक समय तक सत्तासीन रही पार्टी को चुनावी मैदान से बाहर करने के साथ जमाते इस्लामी के जरिए सत्ता में बने रहने का एक रास्ता भी बना लिया है। इसके पीछे उनकी सोच संभवतः यह लगती है कि जमाते इस्लामी यदि सत्ता में आती है तो उनका राष्ट्रपति बनना बेहद आसान रहेगा। शेख हसीना के कार्यकाल में जेल में निरुद्ध जमाते इस्लामी के सदस्यों को जेल से बाहर कर वे इसके साथ मधुर संबंधों की कड़ी पहले ही जोड़ चुके हैं। अब देश में चुनाव लड़ने के लिए खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी मैदान में बची रह जाती है। चुनाव में भाग लेने के लिए खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद विदेश से बांग्लादेश लौट आए हैं। फिलहाल मोहम्मद युनुस इस पार्टी से कोई खास खतरा महसूस कर रहे हों, ऐसा नहीं दिखता। ऐसा इसलिए भी कि हाल के कुछ महीनों में सक्रियता के अभाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अपेक्षा जमाते इस्लामी की ओर लोगों का झुकाव अधिक बढ़ते देखा गया है। भारत विरोधी भावना का यह ज्वार व वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा बताती है कि इस आरोप से मोहम्मद यूनुस पर किसी भी तरह का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। शेख हसीना के तख्तापलट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छात्र संगठन इंकलाब मोर्चे के सूत्रधारों में प्रमुख शरीफ उस्मान हादी ही मैदान में सबसे प्रबल उम्मीदवार दिख रहे थे, लेकिन हादी की भी हत्या हो चुकी है। समझा जा सकता है कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बांग्लादेश की ताजा हिंसा पर नियंत्रण न कर इसे अपनी असफलता दर्शा रही है लेकिन इसका असली उद्देश्य कुछ और है। यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# नए साल में भारत होगा सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया के उपभोक्ता बाजारों से संबंधित रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि वर्ष 2026 में भारत ऊंची विकास दर, सस्ते कर्ज, महंगाई में कमी, कर सुधार और बढ़ी हुई क्रय शक्ति से दुनिया के सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में उभरकर दिखाई दे सकता है। वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की 'ग्लोबल कंज्यूमर रडार' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित है और भारत 2026 में दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार रहेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक भारत से आने वाले सैलानी सिंगापुर में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले लग्जरी ग्राहकों में शामिल हैं। गौरतलब है कि नए वर्ष में भारतीयों को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीदारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है।

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये डालना सुनिश्चित किया है। रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना शुरू हो गया है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मार्च 2026 में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 2026 में महंगाई में कमी रहने की संभावना से देश का उपभोक्ता बाजार मजबूत होगा। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर और घटाए जाने की संभावना का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। इससे पहले खुदरा महंगाई सितंबर में एक फीसदी से अधिक यानी 1.44 फीसदी रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है और इससे उपभोक्ता बाजार तेजी से आगे बढ़ेगा। निश्चित रूप से ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी। उम्मीद करें कि भारत में महंगाई में कमी और ब्याज दरों में कटौती भारतीय उपभोक्ताओं को नई आशावादी शक्ति देगी और भारत में उपभोक्ताओं की बड़ी हुई क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी। वर्ष 2026 में ईएमआई घटने से आम आदमी की खर्च योग्य आय बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और इससे भारत दुनिया में सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा और देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
## दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया - गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।। राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नववर्ष पर कैलेंडर के साथ सोच भी बदलें

नववर्ष पर हमें अपनी स्वार्थी, संकीर्ण और नकारात्मक सोच भी बदलनी चाहिए, तभी यह वर्ष हर किसी के लिए मंगलमय और समाज, देश में एक नया अच्छा परिवर्तन लेकर आएगा। एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि, नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2026 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। बहरहाल, नया साल सभी के लिए शुभ हो।

*- संजय यादव, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# अफगान सीमा बंद करने से पाक में आतंकी हमले कम



पाकिस्तान में अफगानिस्तान से लगती सरहद बंद करने के बाद सीमा पार आतंकवादी हमलों और हिंसा से संबंधित मौतों में काफी कमी आई है, लेकिन वर्ष 2025 एक दशक में 'सबसे हिंसक' साल था। एक थिंक टैंक ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के साथ झड़पों के बाद पाकिस्तान ने पिछले साल 11 अक्टूबर को अपनी सीमा बंद कर दी थी। इसका कारण यह आरोप था कि अफगानिस्तान आतंकवादियों द्वारा अपनी धरती के इस्तेमाल को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। 'डॉन' अखबार ने थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज' (सीआरएसएस) द्वारा एकत्रित आंकड़ों के आधार पर बताया कि दिसंबर में आतंकवादी हमलों में लगभग 17 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नवंबर में इसमें नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। इसने कहा है कि 2025 की आखिरी तिमाही में असैन्य नागरिकों और सुरक्षा अधिकारियों में आतंकवाद से जुड़ी मौतों में भी गिरावट आई है। यह नवंबर में चार फीसदी और दिसंबर में 19 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, सीआरएसएस के आंकड़ों से पता चला है कि समग्र हिंसा में लगभग 34 फीसदी का इजाफा हुआ है और वर्ष 2025 पाकिस्तान के लिए एक दशक में सबसे हिंसक साल साबित हुआ।

## ऑफ बीट

# आइसक्रीम का 2,500 साल पुराना इतिहास



आइसक्रीम बनाने से पहले बर्फ के उत्पादन और भंडारण की विश्वसनीय तकनीक जरूरी थी, जो सबसे पहले 550 ईसा पूर्व में फारस (आधुनिक ईरान) में विकसित हुई। प्राचीन फारसियों ने रेगिस्तानी इलाकों में 'यखचाल' नामक बड़े, मधुमक्खी के छत्ते जैसे पत्थर के ढांचे बनाए। इनमें गहरी, इंसुलेटेड भूमिगत संरचनाएं होती थीं, जिससे साल भर बर्फ संग्रहित की जा सकती थी। इस संग्रहित बर्फ से फलों के शरबत, शोरबे और 'फलूदा' (गुलाब जल और सेवइयों से बनी जमी हुई मिठाई) जैसे व्यंजन बनाए जाते थे। लगभग 650 ईस्वी में फारस पर अरब विजय के बाद यह तकनीक मध्य पूर्व में फैल गई। इसी तकनीक से सीरिया में 'बूज़ा' और फारस में 'बस्तानी' जैसी खिंचावदार आइसक्रीम तैयार की गई। इसी काल में चीन के तांग राजवंश (618–907) के दौरान 'सुशन' नामक जमी हुई मिठाई विकसित हुई, जिसे कवियों ने मुंह में पिघलने वाली, तरल और ठोस के बीच की बनावट वाला बताया। जमाने के साथ फ्रीजिंग की तकनीक में बदलाव आया। 1558 में नेपल्स में जियाम्बातिस्ता डेला पोर्ता की पुस्तक जिसमें बर्फ में शोरा (पोटैशियम नाइट्रेट) मिलाकर तरल पदार्थों को तेजी से ठंडा करने की विधि बताई गई। 17वीं सदी में नमक, पानी और बर्फ के मिश्रण से भी इसी तरह का प्रभाव सामने आया।

## ट्रेंड

### प्रचंड जनाक्रोश



पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भ्रष्टाचार, हिंसा, तुष्टीकरण और कुशासन के खिलाफ प्रचंड जनाक्रोश है, जो कि 'परिवर्तन' का बहुत बड़ा संकेत है। आने वाले तीन महीनों में हमारे कार्यकर्ता एकजुट होकर हर बूथ पर कमल खिलाएँगे और प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बनाएँगे।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### जी राम जी योजना



विकसित भारत - जी राम जी योजना अंतर्गत कम से कम 33% कार्य महिलाओं को देना अनिवार्य है, इससे ज्यादा होने पर कोई रोक नहीं है। इसमें बहनों के हितों को भी सुरक्षित रखने की कोशिश की गई है।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### टीएमसी का सफर



'मां, माटी, मानुष' की सेवा के लक्ष्य के साथ टीएमसी का सफर एक जनवरी, 1998 को शुरू हुआ था। आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के प्रति अडिग और प्रतिबद्ध है। टीएमसी देश के हर व्यक्ति के अधिकार की लड़ाई के लिए पूरी तरह संकल्पित रहेगी।

**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### ब्रांडेड चीनी मुफ्त



दिल्ली के 65,883 अंत्योदय परिवारों को अब पैक्ड और ब्रांडेड चीनी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल अंत्योदय से राष्ट्रोदय की उस भावना को सशक्त करती है, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की गरिमा सर्वोपरि है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और फीडर सीरीज में प्रतिस्पर्धा करेंगे 10 देशों के 334 खिलाड़ी

**वडोदरा।** वडोदरा के सामा इंडोर खेल परिसर में आज शुक्रवार से शुरू हो रहे डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में 10 देशों के लगभग 334 खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का यह दूसरा चरण है जिसमें दो से पांच जनवरी तक अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धा होंगी। इसके बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज का आयोजन सात से 11 जनवरी तक किया जाएगा। यूथ कंटेंडर में चार देशों के 226 खिलाड़ी भाग लेंगे जबकि फीडर सीरीज में 10 देशों के 108 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। यूथ कंटेंडर की शुरुआत शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 एकल मुकाबलों से होगी। वहीं अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 वर्ग की स्पर्धाएं चार और पांच जनवरी को खेली जाएंगी। भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन किया था।

## एमबाप्पे चोटिल, तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध

**पेरिस।** स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में चोट लगी है और उनका तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध है। रियाल मैड्रिड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि फ्रांस के सुपरस्टार के पांव में मोच आई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह कब तक पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। एलइक्विप के अनुसार एमबाप्पे पिछले कुछ सप्ताह से अपने घुटने के पिछले हिस्से में लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह किए गए एमआरआई में घाव का पता चला जिसके लिए उपचार और आराम की आवश्यकता है।

### एशेज सीरीज 2025-26 : पांचवा और अंतिम टेस्ट 4 से

# सिडनी के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने 62 तो इंग्लैंड ने जीते हैं केवल 22 टेस्ट मैच, 4 से फिर होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इस समय खेली जा रही एशेज सीरीज 2025-26 का 5वां और आखिरी टेस्ट 4 जनवरी, 2026 से सिडनी के मैदान पर खेला जाएगा। इस समय ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सीरीज में 3-1 से बढ़त बनाई हुई है। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम ने पिछले टेस्ट को जीता था और मेहमान टीम आखिरी मैच को भी जीतने की कोशिश करेगी। इस बीच सिडनी में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### सिडनी में इंग्लैंड ने खेले हैं 57 टेस्ट

सिडनी में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 57 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 22 मैच जीते हैं और 27 में हार का सामना किया है। इस बीच 8 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए थे। इंग्लैंड ने यहां आखिरी बार 2011 में टेस्ट जीता था। वहीं इंग्लैंड ने इस मैदान पर उच्चतम स्कोर 644/10 (2011 में) बनाया है। इस मैदान पर इंग्लैंड का न्यूनतम स्कोर 45/10 रन है।

### ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले 103 टेस्ट

कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया ने यहां 103 टेस्ट खेले हैं और उनमें से 62 में जीत हासिल की है। कंगारू टीम को 28 टेस्ट में हार मिली है और टीम ने 23 मैच ड्रा खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने यहां पर पर सर्वोच्च स्कोर 659 रन बनाया है। इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का न्यूनतम स्कोर 42 रन है। ऑस्ट्रेलिया ने 2 स्कोर इंग्लैंड के खिलाफ 600 से अधिक रनों के किए हैं।



### इंग्लैंड के हैमंड, रूट व जॉर्ज का रहा अच्छा प्रदर्शन



वॉली हैमंड सिडनी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इंग्लिश बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां 161.6 की औसत से कुल 808 रन बनाए हैं। जो रूट ने यहां पर 2 मैचों में 55 की औसत से 165 रन बनाए हैं। वहीं, सिडनी में जॉर्ज लोहमैन के नाम एक इंग्लिश गेंदबाज के तौर पर सबसे बेहतरीन गेंदबाजी आंकड़े (1887 में 8/35) और सबसे ज्यादा विकेट (9.45 की औसत से 35 विकेट) लेने का रिकॉर्ड है।

### सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के रिंकी, उस्मान, नाथन का रहा है उम्दा प्रदर्शन

सिडनी में सर्वाधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग हैं। उन्होंने यहां 16 टेस्ट में 67.27 की औसत से 1,480 रन (शतक-6) बनाए हैं। स्टीव स्मिथ ने यहां पर 12 टेस्ट में 64.47 की औसत से 1,096 रन (शतक-4) बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा ने 9 टेस्ट में 87.50 की औसत से 875 रन बनाए। गेंदबाजी में नाथन लियोन ने यहां पर 49 विकेट लिए हैं। मिचेल स्टार्क ने 10 टेस्ट में 27 विकेट लिए हैं।

### 5वें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, और ब्यू वेबस्टर।

### टी-20 विश्व कप

## मिचेल मार्श संभालेंगे ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान, कमिंस शामिल

एजेंसी ▶▶| सिडनी



टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की घोषणा की गई है। मिचेल मार्श की कप्तानी वाली टीम में पैट कमिंस, टिम डेविड और जोश हेजलवुड को भी चुना गया है। बता दें कि कमिंस, डेविड और हेजलवुड फिलहाल अपनी-अपनी फिटनेस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ मिशेल ओवेन और बेन ड्वार्शियस इस प्रारंभिक टीम में अपनी जगह नहीं बना सके हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने अभियान की शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच से करेगी। ऑस्ट्रेलिया टीम ग्रुप-बी में मौजूद है।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में चुने गए हैं पांच स्पिनर

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से भरी टीम चुनी है, जिसमें एडम जैम्पा स्पिन विभाग की अगुआई करेंगे। उनके साथ मैथ्यू कुह्नमैन, कूपर कोनोली, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट जैसे अन्य स्पिन गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। युवा ऑलराउंडर कोनोली पर भी चयनकर्ताओं ने भरोसा जताया है। उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 22 वर्षीय ये खिलाड़ी इस समय बिग बैश लीग में खेल रहे हैं।

**चोटिल खिलाड़ियों को लेकर क्या बोले चयनकर्ता :** प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, टी-20 टीम ने हाल ही में लगातार सफलता हासिल की है, जिससे हमें श्रीलंका और भारत में मिलने वाली अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से खिलाड़ियों का संतुलन बनाने में मदद मिली।

### ऐसी है ऑस्ट्रेलियाई टीम

टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, और एडम जैम्पा।

# परनीत-अभिषेक तीरंदाज टॉप्स कोर समूह में, डोप कलंकित रीतिका बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





डोप कलंकित पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किये गए हैं। कोर ग्रुप के खिलाड़ियों की संख्या अब 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा एथलीट हैं।

### डोप टेस्ट में नाकाम रहीं थीं हुड्डा



एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता रीतिका हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी। भारतीय खेल प्राधिकरण के एक सूत्र ने हुड्डा के बारे में पूछने पर बताया अब उन्हें बाहर कर दिया गया है।'' विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन को कोर समूह में रखा गया है जिनके गाइड उमर सैफी पिछले साल अक्टूबर में डोप टेस्ट में नाकाम रहे थे। सूत्र ने कहा ,'' हम आनन फानन में फैसला नहीं लेंगे। वह समूह में है और मिशन ओलंपिक सेल की अगली बैठक में उस पर चर्चा होगी।'' सिमरन पेरिस पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता है।

### तीरंदाजी कंपाउंड की सूची में 8 खिलाड़ी

लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार कंपाउंड तीरंदाजों को ताजा सूची में रखा गया है । तीरंदाजी इन खेलों का हिस्सा होगी। परनीत, अभिषेक और ज्योति सुरेखा समेत आठ कंपाउंड तीरंदाजों को कोर समूह में जगह मिली है जबकि तीन रिकर्व सितारों दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत को भी इसमें शामिल किया गया है । अदिति गोपीचंद स्वामी, ओजस प्रवीण देवताले, प्रियांश, प्रथमेश जावकर और ऋषभ यादव के नाम भी सूची में शामिल हैं।

### खिलाड़ियों को मिलने वाली राशि

टॉप्स में कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल समूह के खिलाड़ियों को 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट ' भत्ता दिया जाता है। इसके अलावा विदेश में ट्रेनिंग और प्रतियोगिता के दौरान 25 डॉलर प्रतिदिन दिये जाते हैं

## पोंटिंग, स्मिथ और क्लॉर्क की तिकड़ी ने एशेज ही नहीं बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में भी ठोके हैं 2,000 से ज्यादा रन

**नई दिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच एशेज सीरीज खेली जाती है। ऐसी ही ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तौर पर ऐतिहासिक सीरीज होती है। ये दोनों सीरीज टेस्ट प्रारूप की सबसे प्रतिस्पर्धी द्विपक्षीय सीरीज मानी जाती हैं। अब तक चुनिंदा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ही एशेज सीरीज के साथ-साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2,000 से अधिक रन बना चुके हैं। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

### रिकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने एशेज सीरीज में 35 टेस्ट खेले थे, जिसमें 44.21 की औसत के साथ 2,476 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध 8 शतक और 9 अर्धशतक लगाए थे। पोंटिंग को भारत के खिलाफ बल्लेबाजी करना भी पसंद रहा था।

### स्टीव स्मिथ

दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ एशेज सीरीज में फिलहाल तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इंग्लिश टीम के विरुद्ध अब तक 3,500 से ज्यादा रन बना चुके हैं।


### क्लार्क

माइकल क्लार्क भी इस विशेष सूची का हिस्सा हैं। एशेज सीरीज में माइकल क्लार्क ने 35 टेस्ट खेले थे, जिसमें 40.74 की औसत के साथ 2,241 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 7 शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए थे।

# बिग बैश लीग में मिचेल मार्श ने 55 गेंदों में जड़ा शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पर्थ स्कॉर्चर्स और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने बिग बैश लीग 2025-26 में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ 19वें मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। ये उनके टी-20 करियर का चौथा शतक रहा। उन्होंने सिर्फ 55 गेंदों का सामना कर अपना शतक पूरा किया। बीबीएल में इस खिलाड़ी के बल्ले से निकला यह दूसरा शतक है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं। मार्श ने 58 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। उनके



बल्ले से 11 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 175.86 की रही। उनके अलावा आरोन हार्डी ने 43 गेंदों का सामना कर 94 रन बनाए। हार्डी और मार्श ने 84 गेंदों में 164 रन की शानदार साझेदारी निभाई। इन दोनों की पारियों के दम पर पर्थ की टीम 229/3 का स्कोर खड़ा करने में सफल रही। मार्श ने अब तक 222 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 209 पारियों में लगभग 33 की औसत से 5,500 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 4 शतक के अलावा 34 अर्धशतक भी निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 137.17 की रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने 81 टी-20 की 76 पारियों में 33.06 की औसत और 139.79 की स्ट्राइक रेट से 2,083 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 1 शतक और 11 अर्धशतक निकले हैं।

भारत सरकार
GOVERNMENT OF BHARAT

पान मसाला के निर्माता ध्यान दें !

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025
1 फरवरी, 2026 से लागू होगा

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर पान मसाला निर्माण में प्रयुक्त मशीनों/प्रक्रियाओं पर लगाया जाएगा। प्रत्येक कर योग्य व्यक्ति को पंजीकरण कराना और उपकर का भुगतान करना अनिवार्य है।

अनिवार्य पंजीकरण
(फार्म HSNS REG - 01)

- आप पर जाकर 'HSNS CESS' टैब के अंतर्गत 'New User' पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- नाम, पैन, ईमेल, मोबाइल नंबर दर्ज कर पंजीकरण करें, एनरोलमेंट रेफरेंस नंबर (इआरएन) प्राप्त करें
- प्राप्त इआरएन का उपयोग करके फॉर्म HSNS REG-01 में आवेदन करें।
- प्रारंभिक भुगतान के लिए अस्थायी पंजीकरण संख्या (टीआरएन) प्राप्त करें

मासिक उपकर भुगतान
(फार्म HSNS PMT - 01)

- हर महीने की 7 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान करना अनिवार्य है
- (जैसे : फरवरी 2026 माह की देनदारी 7 फरवरी 2026 तक देनी होगी)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'E-Payment' विकल्प का चयन कर सेस का भुगतान कर सकते हैं।

उपकर डेक्लेरेशन
(फार्म HSNS DEC - 01)

- पंजीकरण प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर फाइल करना अनिवार्य है
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'Declaration' पर क्लिक कर अपनी डिक्लेरेशन दाखिल कर सकते हैं।

मासिक उपकर भुगतान
(फार्म HSNS RET - 01)

- अगले महीने की 20 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिटर्न फाइल करें (जैसे : फरवरी 2026 का रिटर्न 20 मार्च 2026 तक फाइल करना होगा)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत श्त्मजनतदश पर क्लिक कर अपनी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या
S-O- 6153(E) दिनांक 31-12-2025 तथा 01/2026–HSNS CESS दिनांक 01-01-2026 का संदर्भ लें

किसी सहायता के लिए हेल्पडेस्क पर संपर्क करे : cbicmitra-helpdesk@icegate-gov-in : 1800 425 0232

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

CBC 15502/13/0049/2526

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या का प्रयास

# भीड़ ने किया हमला, पेट्रोल डालकर लगाई आग, पीड़ित ने तालाब में कूदकर बचाई जान, अस्पताल में किया भर्ती

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बाजार बंद कर घर लौट रहे एक कारोबारी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है। घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह परेश चंद्र दास के बेटे हैं। वह कनेश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे।

घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह कनेश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे

पहले पीटा, उसके बाद सिर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी

लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार


घायल अवस्था में खोकन चंद्र दास को अस्पताल ले जाते हुए

### लोगों ने अस्पताल पहुंचाया

जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और रात करीब 10 बजे शरियतपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत बिगड़ने पर उन्हें उसी रात ढाका भेज दिया गया।

### डॉक्टरों की रिपोर्ट: पेट में गंभीर चोट

*शरियतपुर सदर अस्पताल के डॉक्टर नजरुल इस्लाम ने बताया कि खोकन चंद्र दास के शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान हैं। पेट में गंभीर चोट है, जिसकी वजह से उन्हें ढाका रेफर किया गया। इसके अलावा उनके चेहरे, सिर के पिछले हिस्से और हाथों पर जलने के निशान भी पाए गए हैं।*

### बीते दो हफ्ते में चौथी घटना

*इससे पहले बांग्लादेश में 18 दिसंबर 2025 को दीपू चंद्र दास को भीड़ ने मार डाला था। फिर उसके शरीर को पेड़ से बांधकर जला दिया गया था। इसके बाद 25 दिसंबर को भीड़ ने अमृत मंडल को पीट-पीटकर मार डाला था।*

### पत्नी का आरोप: पहचान छिपाने के लिए जलाया

घायल की पत्नी सीमा दास ने बताया कि उनके पति रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके पति ने दो हमलावरों को पहचान लिया था, इसी वजह से बदमाशों ने उनकी हत्या की नीयत से पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उन्होंने कहा कि परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं है और किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं था, फिर भी इस तरह का हमला क्यों हुआ, यह समझ से बाहर है।

### पुलिस जांच में जुटी, दो आरोपी चिन्हित

दामुद्या थाने के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद रबीउल हक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में दो आरोपियों की पहचान की गई है, जिनके नाम रब्बी और सोहाग बताए गए हैं। दोनों स्थानीय निवासी हैं। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश में जुटी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस वारदात में और कौन-कौन शामिल था।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के नाम पर पेंटागन को भेजा ई-मेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज में रहने वाले निशीथ कोहली नाम के व्यक्ति ने पीएम मोदी के नाम का गलत इस्तेमाल कर डीआरडीओ, इसरो और यहां तक कि अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन तक को ई-मेल भेज रखे थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीबीआई ने अपनी पड़ताल में पाया कि शख्स ने पीएमओ, एचएए को भी ई-मेल लिखे थे। इन ई-मेल्स में उस व्यक्ति ने दावा किया था कि उसे सरकार को स्वदेशी सैन्य जेट इंजन बनाने में मदद करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद प्राप्त है।



### कनाडा में उड़ान से पहले पायलट ने पी शराब

**वैंकूवर।** कनाडा के वैंकूवर एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक पायलट को नशे की हालत में हिरासत में लिया गया। 23 दिसंबर, 2025 को वैंकूवर-दिल्ली (वियना होते हुए) उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के एक पायलट को जश्न मनाना भारी पड़ गया। पायलट को मुंह से शराब की गंध आने के बाद हिरासत में लिया गया। कर्मचारी ने पायलट की सूचना कनाडाई अधिकारियों को दी। कनाडाई अधिकारियों ने पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया, जिसमें वे फेल हो गए। इसके बाद उन्हें हिरासत में लिया।



### असलम शब्बीर शेख की गोली मारकर हत्या

**पुणे।** पुणे में 2012 के जंगली महाराज (जेएम) रोड सीरियल बम विस्फोट मामले में आरोपी असलम शब्बीर शेख उर्फ बंटी जहागीरदार (52) की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की यह घटना महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के श्रीरामपुर में हुई। श्रीरामपुर के वार्ड नंबर 2 के रहने वाले जहागीरदार फिलहाल जमानत पर बाहर थे। पुलिस के अनुसार, धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब जहागीरदार श्रीरामपुर के एक कब्रिस्तान से बाहर निकले तो अज्ञात हमलावरों ने उन पर दो पिस्तौल से गोलियां चलाईं।



### बच्चों के लिए फ्रांस में भी बैन होगा सोशल मीडिया

**नई दिल्ली।** फ्रांस सरकार किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सितंबर 2026 से 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही हाई स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी रोक लगाने की तैयारी है। फ्रांस का यह कदम ऑस्ट्रेलिया के हालिया कानून से प्रेरित है। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया था।



## स्विट्जरलैंड में स्टेट इमरजेंसी घोषित, क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के ऊपर 'नो फ्लाई जोन'

# नए साल की आतिशबाजी बनी 'मौत' स्की रिसॉर्ट में धमाका, 40 लोग मारे गए

एजेंसी ▶▶ बर्न

स्विट्जरलैंड के एक रिजार्ट बार में ब्लास्ट हो गया है, इसमें कम से कम 40 लोगों के मारे जाने की खबर है, वहीं 100 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 1.30 बजे घटी है। पुलिस ने बताया कि स्विट्जरलैंड के क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के बार में हुए धमाके में कई लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। धमाका स्थानीय समयानुसार 1:30 बजे (00:30 जीएमटी) 'ले कॉन्स्टेलेशन बार' में हुआ। इटली के विदेश मंत्रालय ने पुलिस ने हवाले से कहा कि इस घटना में कम से कम 40 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग घायल हैं। इलाके को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और हवाई उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्विटजरलैंड ने स्टेट इमरजेंसी घोषित कर दी है, हादसे में राहत और बचाव कार्य में 10 हेलिकॉप्टर, 40 एंबुलेंस और 150 रिस्पान्डर लगे हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक अपुष्ट वीडियो फुटेज में उस बार में आग लगी हुई दिखाई दे रही है जहां नए साल की पूर्व संध्या का जश्न मनाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवारों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

*यह धमाका ले कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ, जहां लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। उस वक्त रिसॉर्ट में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे*

घटनास्थल पर 10 हेलिकॉप्टर और 40 एंबुलेंस तैनात







**पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर और स्वागत केंद्र स्थापित**

**सुबह होते-होते आग पर काबू पा लिया गया था**

### धमाके की तत्काल मिली सूचना

आग लगने का कारण एक म्यूजिक प्रोग्राम के दौरान आतिशबाजी हो सकती है, हालांकि, पुलिस ने कहा कि कारण अज्ञात है। यह धमाका ले कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ, जहां लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। पुलिस प्रवक्ता गैटन लैथियन ने बताया कि आग लगने की सूचना लगभग 1:30 बजे मिली। सुबह होते-होते आग पर काबू पा लिया गया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार धमाके के समय रिसॉर्ट में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### स्विट्जरलैंड का मशहूर टूरिस्ट स्पॉट

स्विस ऑल्प्स के बीच में बसा क्रान्स-मोंटाना एक बहुत ही मशहूर टूरिस्ट स्पॉट है, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और गोल्फ जैसी एक्टिविटीज के लिए दुनिया भर से लोगों को आकर्षित करता है। यह जगह स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न से लगभग दो घंटे की दूरी पर है। यहां हर साल नए साल के जश्न पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पुलिस ने बताया कि धमाका जब हुआ, लोग नए साल का जश्न मना रहे थे।

### सबसे महंगा इलाका

15,000 की आबादी वाला यह शहर देश के सबसे खास और महंगे इलाकों में गिना जाता है और सालभर मिलने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी वजह यह है कि यह रोन घाटी में दक्षिण की ओर ढलान वाले पठार पर स्थित है। क्रांस-मोंटाना से मैटरहॉर्न पहाड़ दिखाई देता है, जिसे स्विट्जरलैंड की सबसे मशहूर पहचान माना जाता है। इसके अलावा यहां से मोंट ब्लांक जैसी अन्य ऊंची चोटियों के भी शानदार नजारे मिलते हैं।

### अस्पताल की व्यवस्था चरमराई

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हताहतों की भारी संख्या के कारण स्थानीय चिकित्सा सुविधाएं तुरंत चरमरा गईं है। क्षेत्रीय पार्षद मैथियास रेनार्ड ने बताया कि स्थानीय अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई और ऑपरेशन थिएटर कुछ ही घंटों में पूरी तरह भर गए। घायलों में कई गंभीर हैं। बता दें कि क्रान्स-मोंटाना, करीब 10,000 आबादी वाली एक नगर पालिका है। यह स्विस आल्प्स के मध्य में मैटरहॉर्न से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में स्थित है।

## ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ चौथे दिन भी प्रदर्शन

# गलियों में गूंजा 'डेथ टू डिक्टेटर' का नारा 21 प्रांतों में 'बगावत'

### एक पुलिसकर्मी की मौत, 13 घायल

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में सत्ता के खिलाफ प्रदर्शन का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। ईरान की सत्ता के खिलाफ नागरिकों का विद्रोह चौथे दिन में और 2025 से 2026 में प्रवेश कर गया है। अब प्रदर्शनकारी ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। बुधवार को ईरान में लगातार चौथे दिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में रैलियां निकालीं। प्रदर्शन के चलते 31 दिसंबर को एक 21 साल के पुलिसकर्मी की मौत हो गई और लगभग 13 पुलिसकर्मी घायल हैं। ईरान में जारी आंदोलन की सबसे बड़ी वजह ईरानी मुद्रा रियाल में आई भारी गिरावट है। एक डॉलर 42,125 रियाल के बराबर हो गया है। रियाल की कीमत गिरने के चलते लोग खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और रोजमर्रा का सामान नहीं खरीद पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनकी कमाई बेकार हो गई है और जीवन मुश्किल होता जा रहा है। पहले जो पैसा महीने भर चलता था, अब वह कुछ दिनों में खत्म हो जाता है।



### महंगाई कहर बरपा रही

ईरान में महंगाई अभी कहर बरपा रही है। यहां महंगाई दर अभी 42 फीसदी तक पहुंच गई है। रोजाना की जिंदगी के खर्च बढ़ने से जनता हलकान है और सड़कों पर उतर आई है। इस्फहान में रात में प्रदर्शनकारियों ने 'डरो मत, हम सब साथ हैं', 'तानाशाह मुर्दाबाद', 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'डेथ टू डिक्टेटर' के नारे लगाए। जबकि देहलोरन और बागमलेक में प्रदर्शनकारियों ने राजशाही के समर्थन में नारे लगाए। कई लोगों ने ईरान के पूर्व शासक रजा शाह पहलवी के समर्थन में नारे लगाए।

### सुरक्षा बलों ने किया बल प्रयोग

प्रदर्शनकारियों को डिगाने के लिए सुरक्षा बलों ने कई जगहों पर बल प्रयोग किया। नाहवंद, असदाबाद और हमादान जैसे शहरों में गोलीबारी और आंसू गैस छोड़े लेकिन यहां प्रदर्शनकारी डटे हुए दिखाई दिए। तेहरान में तेहरान यूनिवर्सिटी की एक स्टूडेंट लीडर सरीरा करीमी को उनके घर पर छापे के बाद हिरासत में लिया गया है। सरीरा करीमी के ठिकाने का पता नहीं चल पाया है।

### समर्थन मिलना शुरू

इस प्रदर्शन को मौलानाओं का भी समर्थन मिलना शुरू हो गया है। सुन्नी मौलाना मोलावी अब्दोलहामिद ने कहा कि खराब लिविंग ऑफ स्टैंडर्ड और राजनीतिक गतिरोध इस विद्रोह की वजह बन रहे हैं। मशहूर फिल्ममेकर जाफर पनाही ने इस अशांति को "इतिहास को आगे बढ़ाने" के लिए एक विद्रोह बताया। साझा दर्द अब सड़कों पर एक चीख में बदल गया है। पश्चिमी राजनेता लगातार प्रदर्शनकारियों के समर्थन में खड़े रहे। अमेरिकी सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि उन्हें यह देखकर हौसला मिला कि ईरानी लोग ईरान की जालिम तानाशाही को खत्म करने की मांग कर रहे हैं।

## डीआरडीओ दिवस पर रक्षा मंत्री का दावा

# देश जल्द ही सुदर्शन चक्र का कर लेगा निर्माण, सुरक्षा के लिए जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ मुख्यालय के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने दौरे के दौरान कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के प्रति संगठन की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस 2025 के अपने संबोधन में घोषित सुदर्शन चक्र के निर्माण में डीआरडीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल के तहत डीआरडीओ अगले दशक में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने के लिए जिम्मेदार है।


डीआरडीओ मुख्यालय में राजनाथ

## वायुसेना में हुई नवीन नियुक्तियां

# एयर मार्शल नागेश उपाध्यक्ष और कमांडिंग-इन-चीफ बने श्रीनिवास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर मार्शल नागेश कपूर ने 1 जनवरी को भारतीय वायु सेना उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत एयर मार्शल नागेश कपूर ने दिसंबर 1985 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक उपाधि प्राप्त की और 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की युद्धक विमान इकाई में शामिल हुए। अनुभवी युद्धक पायलट, योग्य उड़ान प्रशिक्षक और युद्धक विमान लीडर एयर मार्शल नागेश कपूर ने मिग-21 और मिग-29 के सभी प्रारूप के विमान उड़ाए हैं। वहीं, एयर मार्शल सीथेपल्ली श्रीनिवास ने भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। एयर मार्शल श्रीनिवास के पास मिग-21, इस्क्रा, किरण, सहित अन्य विमानों पर 4200 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है।


नागेश कपूर व सीथेपल्ली श्रीनिवास

## भारत का निर्यात 680 मिलियन डॉलर पर पहुंचा

# भारत-मालदीव का व्यापार 8 वर्षों में तीन गुना बढ़ा, 8 समझौते किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मालदीव का द्विपक्षीय व्यापार बीते आठ वर्षों में तीन गुना बढ़ा है। इस दौरान भारत का निर्यात दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 680 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि मालदीव से आयात 20 गुना बढ़कर 119 मिलियन डॉलर हो गया है।

मालदीव में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की 25 जुलाई 2025 को मालदीव यात्रा के बाद भारत-मालदीव संबंधों में एक नया मोड़ आया है, जिसके दौरान 8 महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों में ऋण राहत भी शामिल है, जिससे मालदीव पर वार्षिक ऋण चुकौती का बोझ 40 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। इसमें बुनियादी ढांचे के लिए 565 मिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन, यूपीआई-रुपे एकीकरण, मत्स्य पालन सहयोग, आवास परियोजनाएं शामिल हैं।


पीएम नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू फाइल फोटो

### पर्यटन क्षेत्र दोनों देशों के बीच अहम

रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यटन भारत और मालदीव के बीच सबसे प्रत्यक्ष और गतिशील सेतु है। मालदीव में पर्यटकों के आगमन के मामले में भारत लगातार शीर्ष देशों में शुमार रहा है, जिससे पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को स्थिरता और मजबूती मिलती है, खासकर तब जब यूरोप या पूर्वी एशिया से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उतार-चढ़ाव होता है। मूल्य के हिसाब से भले ही मालदीव से आयात कम हो।

## दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल पहुंचे सेनाध्यक्ष

### सैनिकों के अदम्य साहस और जज्बे की सराहना की

# जख्मी और बीमार सैनिकों से मिलकर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नववर्ष 2026 के पहले ही दिन गुरुवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भारतीय सेना के जवानों के बीच मौजूद रहे। उन्होंने दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल का दौरा किया। अपने इस विशेष अवलोकन के दौरान उन्होंने यहां उपचाराधीन सैन्य जवानों, अधीनस्थ अधिकारियों और पूर्व सैनिकों से मुलाकात की। इस दौरान, सेनाध्यक्ष ने यहां इन सैनिकों के अदम्य साहस, जज्बे और हर परिस्थिति में लड़ने की भावना की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने उपचार करा रहे सैनिकों व पूर्व सैनिकों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की।

◆ अस्पताल प्रबंधन को समर्थन देने का आश्वासन दिया


थल सेना प्रमुख बीमार सैनिकों से मुलाकात करते हुए

### चिकित्सा दल के सेवा कार्यों को सराहा

जनरल द्विवेदी ने अस्पताल में तैनात सैन्य चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के समर्पण, पेशेवर उत्कृष्टता और कर्तव्यनिष्ठ सेवा की भी भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा दल द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयास न केवल रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि यह भारतीय सेना की देखभाल एवं सेवा के उच्च मानकों को भी दर्शाते हैं।

## भारतवंशी ममदानी ने ली शपथ न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर



**न्यूयार्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयॉर्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं। डेमोक्रेट ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं।

## सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# सीमा पर पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया, जासूसी का शक

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर/पुंछ

जैसलमेर जिले में नए साल के जश्न के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। जिले के नाचना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 8 बजे बीएसएफ की 72वीं बटालियन के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान हल्के कोहरे के बीच सीमा पार से एक युवक को भारतीय क्षेत्र की ओर आते देखा। जवानों ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध युवक भारतीय सीमा के भीतर दाखिल हुआ, जवानों ने तारबंदी के पास उसे हिरासत में ले लिया। फिलहाल खुफिया एजेंसियां और बीएसएफ के अधिकारी उससे गहन पूछताछ कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस से पहले पकड़े गए पाकिस्तानी घुसपैठिए के जासूस होने का शक है। 'ऑपरेशन अलर्ट' के तहत पकड़े गए युवक को तुरंत पास की बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) पर लाया गया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28